बागेश्वर धाम एवं मेहंदीपुर बालाजी के चरणों में समर्पित

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# संस्कार उजाला

सच का हुंकार

sanskarujala@gmail.com

संस्थापक स्व० सुखराम शर्मा एवम शिवकुमार शर्मा, श्री प्रकाशवीर

गाजियाबाद से प्रकाशित, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, हरियाणा, सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, हापुड, बुलंदशहर, मथुरा आगरा, इटावा, कानपुर एंव लखनऊ से प्रसारित

वर्ष : 11 अंक : 156 | सोमवार 25 सितम्बर 2023 गाजियाबाद | RNI No-UPHIN / 2013 / 50466 | पेज: 8 मूल्य : 2 रुपया

गाजियाबाद में मात्र रू0 6.5 लाख (छैः लाख पचास हजार) में मकान खरीदने हेतु सम्पर्क करें

मो0 9868944025

लोन सुविधा उपलब्ध है

## चांद की रात क्यों होती है खौफनाक, विक्रम और प्रज्ञान के जागने की उम्मीद कितनी?

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन लगातार प्रयास में है कि चंद्रयान के लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान एक बार फिर जाग जाएं। इसरो चीफ एस सोमनाथ ने कहा कि चांद पर फिर से रात होने तक इन दोनों को जगाने का प्रयास होता रहेगा। हो सकता है कि कल ही दोनों जाग जाएं और ऐसा भी हो सकता है कि उन्हें जागने में 14 दिन लग जाएं। चांद पर 6 अक्टूबर को फिर से रात होने लगेगी। इसलिए 5 अक्टूबर तक कोशिश जारी रहेगी कि उधर से कोई सिग्नल मिले। अगर रोवर और लैंडर जागते हैं तो यह इसरो के लिए प्लस पॉइंट यानी बोनस की तरह होगा क्योंकि लैंडिंग के बाद ही रोवर और विक्रम ने अपना काम खत्म कर लिया था।

**चांद के दक्षिणी ध्रुव पर खौफनाक होती है रात**

पहली बार है जब कोई मिशन चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरा है। दरअसल चांद का दक्षिणी ध्रुव ज्यादा ठंडा रहता है और यहां की रातें बेहद खौफनाक होती हैं। इंसान तो किसी हालत में यहां सर्वाइव ही नहीं कर सकता। इसीलिए अब तक के सारे मिशन उत्तरी ध्रुव पर ही गए हैं। इसरो को भी इस बात का अंदाजा था कि चांद की खौफनाक रात झेलने के बाद प्रज्ञान और विक्रम को जगाना इतना आसान नहीं होगा।

**200 डिग्री के नीचे पहुंच जाता है तापमान**

चंद्रमा के साउथ पोल पर रात के वक्त लगातार तापमान में गिरावट होती जाती है। यहां तापमान माइनस 250 डिग्री से भी नीचे चला जाता है। ऐसे में यहां किसी भी जीवित चीज का बचना मुश्किल हो जाता है। इसके अलावा चांद पर ठंडे अंधड़ भी चलते रहते हैं। भूकंप कभी भी आ सकता है। वायुमंडल ना होने की वजह से उल्कापिंड भी गिर सकते हैं। कह सकते हैं कि चांद पर हर पल चुनौतीभरा होता है। अब देखना है कि प्रज्ञान और रोवर में लगे पेलोड इस ठंड को बर्दाश्त कर पाए हैं या नहीं। अब तक जितने भी लोग चांद पर गए हैं वे ऐसे समय में पहुंचे हैं जब वहां दिन हो चुका था। ऐसे में किसी को भी चांद के इस तापमान को बर्दाश्त नहीं करना पड़ा। हालांकि चंद्रयान 3 ने पहले ही चुनौती स्वीकार की थी और दक्षिणी ध्रुव पर उतरा था। दरअसल इसी इलाके में पानी मिलने की संभावना ज्यादा है।

### मन की बात में चंद्रयान और जी20 का जिक्र

# पीएम बोले- भारत की साख बढ़ी; संस्कृत के श्लोक पढ़ती जर्मन युवती की भी चर्चा की

**नई दिल्ली।** मन की बात के 105वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चंद्रयान-3 और जी20 समिट की सफलता पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे चंद्रयान की सफलता के लिए कई पत्र मिले। भारत ने इस समिट में अफ्रीका को फुल मेंबर बनवाकर अपना लोहा मनवाया है। प्रधानमंत्री ने आज के कार्यक्रम में जर्मनी की एक युवती की भी चर्चा की। वो आंख से देख नहीं पाती, लेकिन संस्कृत के श्लोक इतने आसानी से गाती हैं जिसे सुनकर हर कोई आश्चर्य चकित रह जाए। पीएम ने कार्यक्रम में 27 सितंबर को होने वाले विश्व पर्यटन दिवस और शांति निकेतन की भी चर्चा की।

चंद्रयान लॉन्चिंग के दिन ISRO ने रिकॉर्ड बनाया पीएम ने कहा- मुझे कई पत्र मिले, जब चंद्रयान का लैंडर उतरने वाला था। तब कई लोग इसके साक्षी बने। इसरो के यूट्यूब चैनल पर 80 लाख लोगों ने देखा। ये रिकॉर्ड है। इससे पता चलता है कि लोगों को कितना लगाव है। इस दौरान चंद्रयान पर एक क्विज चल रहा है। जिसमें 15 लाख से ज्यादा लोग हिस्सा ले रहे हैं। मैं आपसे भी कहूंगा कि आप भी इसमें हिस्सा लीजिए, 6 दिन और बाकी हैं।



**चंद्रयान लॉन्चिंग के दिन ISRO ने रिकॉर्ड बनाया पीएम ने कहा- मुझे कई पत्र मिले, जब चंद्रयान का लैंडर उतरने वाला था। तब कई लोग इसके साक्षी बने। इसरो के यूट्यूब चैनल पर 80 लाख लोगों ने देखा। ये रिकॉर्ड है। इससे पता चलता है कि लोगों को कितना लगाव है।**

जी20 में भारत ने अफ्रीका को मेंबर बनाकर अपना लोहा मनवाया पीएम ने कहा- चंद्रयान के बाद जी20 का आयोजन चर्चा में है। भारत ने इस समिट में अफ्रीका को फुल मेंबर बनवाकर अपना लोहा मनवाया है। जब भारत बहुत समृद्ध था, सिल्क रूट की चर्चा होती थी। अब एक और इकोनॉमिक कोरिडोर सुझाया है। ये कॉरिडोर आने वाले सैकड़ों साल तक विश्व व्यापार का आधार बनने वाला है। इतिहास याद रखेगा

**26 सितंबर को जी20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट प्रोग्राम**

पीएम ने कहा- जी 20 के दौरान युवा शक्ति की चर्चा जरूरी है। साल भर आयोजन हुए। इसी बीच दिल्ली में एक और आयोजन होगा। जी20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट, जिसमें आईआईटी, मेडिकल कॉलेज, IIM के स्टूडेंट जुड़ेंगे। 26 सितंबर को इससे जुड़िए जरूर। इसमें मैं खुद शामिल होऊंगा।

**जर्मनी की कैसमी के श्लोक सुनाए**

पीएम ने कहा- एक छोटी बच्ची का गाया गीत आपको सुनाता हूं। इसे सुनकर आप हैरान हो गए। हर शब्द में जो भाव झलकते हैं, उससे ईश्वर के प्रति लगाव समझ सकते हैं। ये जर्मनी की कैसमी है। इन दिनों इंस्टाग्राम पर छाई हुई हैं। कैसमी कभी भारत नहीं आई। लेकिन भारतीय संगीत की दीवानी है। जिसने भारत को कभी देखा नहीं उसकी संगीत में रुचि इंस्पायरिंग है।

वे जन्म से देख नहीं सकती है, लेकिन ये चुनौती उन्हें रोक नहीं पाई। संगीत के लिए उनका पैशन बचपन से ही रहा। 3 साल की उम्र से संगीत से जुड़ने वाली कैसमी ने तबला बजाना भी सीखा। कई भारतीय भाषाओं में महारत हासिल कर चुकी हैं। असमी बंगाली मराठी तमिल में सुर साधे हैं।

## धनखड़ बाड़मेर जिले में चालीस एकड़ में बनने वाले बाजरा अनुसंधान संस्थान की 27 सितंबर को रखेंगे नींव

**जयपुर 24 सितंबर (वार्ता)** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ राजस्थान में बाड़मेर जिले के गुड़ामालानी में चालीस एकड़ में बनने वाले आईसीएआर के राष्ट्रीय स्तर के बाजरा अनुसंधान संस्थान का 27 सितंबर को शिलान्यास करेंगे। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी के अनुसार उनके संसदीय क्षेत्र बाड़मेर के गुड़ामालानी में आईसीएआर के राष्ट्रीय स्तर के बाजरा अनुसंधान संस्थान खोलने की स्वीकृति सहित सारी प्रक्रिया पूरी हो गई है और 27 सितंबर को श्री धनखड़ इसका शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर श्री धनखड़, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भूमिपूजन करके इस संस्थान की नींव रखेंगे।

श्री चौधरी ने बताया कि केन्द्र सरकार वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेटस ईयर के रूप में मना रही है। इसके लिए भारतीय मिलेटस जिसे मोटा अनाज भी कहा जाता है। केंद्र सरकार ने इसे श्रीअन्न का भी नाम दिया है। श्रीअन्न में मुख्य रूप से बाजरा, ज्वार, रागी, कुटकी आदि शामिल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और भारत की पहल पर ही संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा मोटा अनाज को इंटरनेशनल मिलेटस ईयर के रूप में मनाने और इसे आमजन द्वारा अधिकाधिक अपने भोजन की थाली में शामिल करके बढ़ावा देने को लेकर सहमति बनी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में



केंद्र सरकार की ओर से मोटा अनाज या श्रीअन्न को देश दुनिया में बढ़ावा देने के लिए बजट 2022-23 में विभिन्न सराहनीय कदम उठाये गए। बजट के दौरान आईसीएआर- आईआईएमआर, हैदराबाद को बाजरा के लिए वैश्विक केंद्र बनाने की घोषणा की गयी। मोटा अनाज या श्रीअन्न में भी बाजरा सबसे महत्वपूर्ण खाद्यान माना जाता है। इसे सर्वाधिक 4.1 मिलियन हेक्टेयर क्षेत्र में उगाया जाता है। राजस्थान में देश का सर्वाधिक 57 प्रतिशत बाजरे की खेती होती है।

## इंडिया गठबंधन के पीएम कैंडिडेट होंगे नीतीश कुमार; डिप्टी स्पीकर महेश्वर हजारी का बड़ा दावा

**पटना।** बिहार विधानसभा के डिप्टी स्पीकर और जदयू के वरिष्ठ नेता महेश्वर हजारी ने एक बार फिर अपने बयान से बिहार की सियासत का पारा चढ़ा दिया है। उन्होने कहा कि जब भी इंडिया गठबंधन में पीएम पद के लिए सहमति बनेगी तो नीतीश कुमार के नाम पर ही बनेगी। उनमें पीएम कैंडिडेट के सभी गुण नीतीश कुमार में हैं। उनसे योग्य कोई व्यक्ति भारत में नहीं है। इंडिया अलायंस जब भी प्रधानमंत्री पद की घोषणा करेगी तो वो नाम नीतीश कुमार का ही होगा। महेश्वर हजारी ने कहा कि नीतीश कुमार देश में सबसे बड़े समाजवादी नेता हैं। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कह चुके हैं, कि डॉक्टर राम मनोहर लोगहिया और जेपी के बाद अगर कोई सबसे बड़ा समाजवादी नेता है, तो वो नीतीश





कुमार हैं। 5 बार भारत सरकार में मंत्री रहे। 18 साल से बिहार में मुख्यमंत्री हैं। पीएम कैंडिडेट के लिए उनसे योग्य कोई व्यक्ति पूरे भारत में नहीं है। देश के समाजवादी विचारधारा वाले सभी लोगों की यही मंशा है कि नीतीश कुमार प्रधानमंत्री बनें। उन्होने कहा कि जैसे ईंट जोड़कर दीवार बनाई जाती है। वैसे ही नीतीश कुमार ने पूरे विपक्ष को एजुट करने का काम किया है। इसलिए आज नहीं तो कल पीएम उम्मदीवार के तौर पर नीतीश कुमार के नाम की ही घोषणा होगी। महेश्वर हजारी ने ये बयान उस वक्त दिया जब वो शनिवार को जब मुख्यमंत्री ने तमाम प्रकोष्ठ के अध्यक्षों और प्रवक्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक से बाहर निकले थे। नीतीश कुमार ने पार्टी प्रवक्ताओं को कई टिप्स दिए थे। हालांकि इससे पहले नीतीश कुमार साफ तौर से कह चुके हैं कि वो पीएम कैंडिडेट की रेस में नहीं हैं। उनका मकसद सिर्फ विपक्ष को एकजुट करना और बीजेपी सरकार को सत्ता से बेदखल करने का है। यही नहीं वो पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं से भी ये अपील कर चुके हैं कि पीएम कैंडिडेट के तौर पर उनके नाम के नारे न लगाए जाए, नहीं बेवजह चर्चाओं को हवा मिलेगी। लेकिन उनकी ही पार्टी के वरिष्ठ नेता महेश्वर हजारी ने बयान देकर एक बार फिर चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया है।

## प्रधानमंत्री मोदी आज आएंगे भोपाल, कार्यकर्ता महाकुंभ को करेंगे संबोधित

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार, 25 सितंबर को भोपाल के प्रवास पर रहेंगे। वे यहां पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर आयोजित भाजपा कार्यकर्ता महाकुंभ में शामिल होंगे और पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। कार्यकर्ता महाकुंभ की तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। राजधानी में होने वाले सबसे बड़े एकत्रीकरण को लेकर पार्टी कार्यकर्ता शहर के प्रमुख चौराहों को सजा रहे हैं। जगह-जगह पार्टी के ध्वज लगाकर प्रमुख मार्गों को सजाया जा रहा है। कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता भी तैयारियों में जुटे हुए हैं। शनिवार को पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव, नरेन्द्र सिंह तोमर, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद एवं उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री जीपीएस राठौर ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ रोशनपुरा चौराहा पर पार्टी के झंडे लगाकर चौराहे की सजावट की। साथ ही तैयारियों का निरीक्षण भी किया।

**प्रधानमंत्री मोदी की भोपाल में गृह मंत्री डॉ. मिश्रा करेंगे अगवानी**-प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 25 सितम्बर को भोपाल की प्रस्तावित यात्रा के लिए तीन कैबिनेट मंत्री मिनिस्टर इन वेटिंग नामित किये गये हैं। इस संबंध में शनिवार को आदेश जारी किए गए हैं। प्रदेश के गृह एवं जेल मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा भोपाल विमानतल पर प्रधानमंत्री मोदी की अगवानी करेंगे। वहीं, भोपाल हैलीपेड पर प्रधानमंत्री के आगमन पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह स्वागत करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के भोपाल में होने वाले मुख्य कार्यक्रम स्थल पर चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग अगवानी करेंगे।

**पार्टी नेताओं ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण**-25 सितंबर को भोपाल के जम्बूरी मैदान में कार्यकर्ता महाकुंभ होगा, जिसमें प्रदेश भर से 10 लाख कार्यकर्ता शामिल होंगे। जिन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संबोधित करेंगे। कार्यकर्ता महाकुंभ की तैयारियां अंतिम चरणों में है। शनिवार को पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, केन्द्रीय मंत्रीद्वय भूपेन्द्र यादव एवं नरेन्द्र सिंह तोमर, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद एवं उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री जीपीएस राठौर, प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग, जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी ने कार्यक्रम स्थल जंबूरी मैदान पहुंचकर महाकुंभ की चल रही तैयारियों का निरीक्षण किया।

## भाजपा से हाथ मिलाते ही कर्नाटक में लगा जेडीएस को झटका, उपाध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

**बेंगलुरु।** 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले जनता दल (सेक्युलर) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ हाथ मिलाने का फैसला किया है। इस ऐलान के कुछ दिनों के बाद जेडीएस के कर्नाटक के उपाध्यक्ष सैयद शफीउल्ला साहब ने पार्टी से अपना नाता तोड़ने का फैसला किया है। शफीउल्ला ने कर्नाटक अध्यक्ष को लिखे अपने इस्तीफे में कहा कि उन्होंने जेडीएस और भाजपा के साथ गठबंधन के कारण खुद को पार्टी से अलग कर लिया है।

उन्होंने कहा, मैं बताना चाहूंगा कि मैंने समाज और समुदाय की सेवा करने के लिए कड़ी मेहनत की है। पार्टी की सेवा की है, क्योंकि हमारी पार्टी धर्मनिरपेक्ष साख पर विश्वास करती है और उस पर कायम है। हमारे नेता कुमारस्वामी ने भाजपा से हाथ मिला



लिया है। इससे पहले भी जब भाजपा के साथ हमारी पार्टी गई थी तो मैंनें उस अवधि के लिए पार्टी से बाहर रहने का विकल्प चुना था।

उन्होंने आगे लिखा, चूंकि पार्टी के वरिष्ठ नेता अब भाजपा के साथ हाथ मिलाने का फैसला कर रहे हैं, इसलिए मेरे पास पार्टी के उपाध्यक्ष पद से अपना इस्तीफा देने और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है।

सूत्रों ने बताया कि उनके अलावा जनता दल (सेक्युलर) के अध्यक्ष (शिवमोग्गा) एम श्रीकांत और यूटी आयशा फरजाना समेत कई नेताओं ने भी पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा की जनता दल (सेक्युलर) ने शुक्रवार को कर्नाटक में भाजपा के साथ गठबंधन की घोषणा की और 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले औपचारिक रूप से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल हो गई। जेडीएस नेता और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा से मुलाकात के बाद यह घोषणा की। जेडीएस ने 2019 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस के साथ गठबंधन किया था, हालांकि उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। भाजपा ने कर्नाटक की 28 में से 25 सीटें जीत लीं।

# बांध लिया सामान, वापस जा रही पाकिस्तान; सीमा हैदर के वायरल वीडियो का क्या है सच

**नोएडा।** पाकिस्तान से अपने प्रेमी को पाने के लिए चार बच्चों के साथ आई सीमा हैदर भले ही अब टीवी चैनलों से गायब हो चुकी है, लेकिन सोशल मीडिया पर उसे वीडियोज की बाढ़ है। सीमा हैदर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कभी डांस वीडियो शेयर करती है तो कभी सचिन के साथ प्यार वाले पल या फिर भारत-पाकिस्तान को लेकर अपने मन की बात साझा करती है। सीमा की लोकप्रियता को देखते हुए बहुत से लोगों ने उसके नाम और तस्वीर के साथ फर्जी अकाउंट भी बना लिए हैं। इस बीच सीमा हैदर का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें वह पाकिस्तान जाने की बात कह रही है और इसे देखकर लोग चौंक जाते हैं।

**क्या है वीडियो में?**

फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म पर सीमा हैदर का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें वह कहती है, मैं वापस जाने के लिए सामान बांधकर तैयार कर लिया है। मैं वापस जा रही हूं। मुझे नहीं पता था कि सचिन ऐसा झूठा प्यार करेगा। मैं पहले मां-बाप और हैदर की बात को नहीं समझी वह बात यही बोल रहे थे कि वह सिर्फ आपके पैसे से प्यार करता है। ऐसे ही कुछ वीडियो में तो यह भी कहती है कि प्रेमी सचिन मीणा अब उसे पीटने लगा है।

● **पाकिस्तान से अपने प्रेमी को पाने के लिए चार बच्चों के साथ आई सीमा हैदर भले ही अब टीवी चैनलों से गायब हो चुकी है, लेकिन सोशल मीडिया पर उसे वीडियोज की बाढ़ है। सीमा के कई फर्जी वीडियो भी आ गए हैं।**



**क्या है इस वीडियो का सच?**

लाइव हिन्दुस्तान की टीम ने इस तरह की कई वीडियोज की पड़ताल की तो पता चला कि ये सभी फर्जी हैं। सीमा के फोटोज और वीडियो में लिप्सिंग बदलकर इन वीडियोज को बनाया गया है। हालांकि, पहली नजर में कोई भी धोखा खा सकता है। एआई टूल का इस्तेमाल करके डीप फेक वीडियोज बनाए गए हैं। असल में कई लोग सीमा के वीडियोज के सहारे लाइक और सब्सक्राइबर्स बढ़ाने के मकसद से इस तरह के फेक वीडियोज बना रहे हैं। ऐसे में इन वीडियोज पर भरोसा करने से पहले एक बार ध्यान से देख लें कि कहीं आप कोई फर्जी वीडियो तो नहीं देख रहे हैं।

**सचिन के साथ कायम है सीमा का प्यार**

इस साल मई में चार बच्चों के साथ नेपाल के रास्ते भारत आई सीमा जांच एजेंसियों की क्लीनचिट का इंतजार कर रही है। उसने राष्ट्रपति के सामने याचिका लगाकर भारत की नागरिकता भी मांगी है। फिलहलाल वह ग्रेटर नोएडा के रबुपुरा गांव में प्रेमी सचिन के साथ रह रही है। सीमा आए दिन सचिन के साथ प्यार-मोहब्बत और डांस के वीडियोज साझा कर रही है। वह पूरी तरह भारतीय रंग में रंग चुकी है। हाल ही में चंद्रयान मिशन और महिला आरक्षण विधेयक संसद से पास होने पर भी सीमा ने खुशी जाहिर की।

# सामाजिक परिवर्तन और उद्यमिता को प्रोत्साहन

**सौरभ गर्ग**

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय हाशिए पर रहने वाले समुदायों को सशक्त बनाने तथा सामाजिक सशक्तिकरण एवं राष्ट्र-निर्माण के वाहक के रूप में उद्यमिता को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग है। अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्गों के लिए उद्यम पूंजी कोष (वेंचर कैपिटल फंड) के साथ-साथ सेज उद्यम कोष (वेंचर फंड) जैसी रणनीतिक पहलों के माध्यम से सरकार ने सभी लोगों, चाहे उनकी पृष्ठभूमि या सामाजिक हैसियत कुछ भी हो, के लिए अवसर सृजित करने का काम जारी रखा है। समावेशी प्रगति का दृष्टिकोण महज एक सपना भर नहीं है, बल्कि यह परिवर्तनकारी पहलों के माध्यम से तैयार की गई एक ऐसी वास्तविकता है जो लोगों को सशक्त बनाती है, नवाचार को बढ़ावा देती है और राष्ट्र को व्यापक विकास के मार्ग पर अग्रसर करती है।

सामाजिक परिवर्तन के एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में उद्यमिता की मान्यता पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। उद्यमिता न केवल आर्थिक मूल्य सृजित करती है, बल्कि यह लोगों को अपने अधिकारों का प्रयोग करने तथा पारंपरिक मानदंडों से मुक्त होने के लिए सशक्त भी बनाती है। स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया जैसे विभिन्न कार्यक्रमों के साथ एकीकृत करने की दृष्टि से, सरकार ने हाशिए पर रहने वाले एवं कमजोर समुदाय के लोगों के भीतर उद्यमिता को प्रोत्साहित करने हेतु कई सक्रिय कदम उठाए हैं। उद्यमिता के प्रोत्साहन का यह दृष्टिकोण उस समावेशी विकास के इर्द-गिर्द घूमता है, जहां कोई भी पीछे नहीं छूटे और सभी नागरिकों, चाहे उनकी पृष्ठभूमि या सामाजिक हैसियत कुछ भी हो, को अवसर समान रूप से सुलभ हों। विभिन्न रणनीतिक पहलों एवं अभिनव कार्यक्रमों के माध्यम से, सरकार का उद्देश्य हाशिए पर रहने वाले समुदायों को सशक्त बनाते और उनकी क्षमता को सामने लाते हुए देश को व्यापक विकास की ओर ले जाना है।




वर्ष 2015 में, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने रियायती वित्त प्रदान करके अनुसूचित जातियों के बीच उद्यमिता को बढ़ावा देने हेतु अनुसूचित जातियों के लिए उद्यम पूंजी कोष (वेंचर कैपिटल फंड) की स्थापना की। लगभग 726 करोड़ रुपये की मौजूदा निधि के साथ, इस कोष ने सभी उद्योगों में ग्रीन-फील्ड एवं विस्तार परियोजनाओं के लिए 10 लाख रुपये से लेकर 15 करोड़ रुपये तक की फंडिंग की पेशकश करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस वित्तीय सहायता ने उन उभरते उद्यमियों के लिए एक जीवन-रेखा के रूप में काम किया है, जिनके लिए शायद फंडिंग के पारंपरिक मार्गों तक पहुंचना संभव नहीं होता।

इस कोष के सबसे उल्लेखनीय पहलुओं में से एक चार प्रतिशत प्रति वर्ष की रियायती ब्याज दर है, जिसे महिला उद्यमियों एवं अनुसूचित जाति वर्ग के दिव्यांग उद्यमियों के लिए घटाकर 3.75 प्रतिशत प्रति वर्ष कर दिया गया है। ब्याज दरों में यह उल्लेखनीय कमी यह सुनिश्चित करती है कि हाशिए की पृष्ठभूमि से उभरने वाले उद्यमी अपेक्षाकृत अधिक विशेषाधिकार प्राप्त पृष्ठभूमि से संबंध रखने वाले अपने समकक्षों के साथ समान धरातल पर प्रतिस्पर्धा कर सकें।

आम्बेडकर सोशल इनोवेशन इनक्यूबेशन मिशन (एएसआईआईएम) सामाजिक परिवर्तन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। उद्यम पूंजी (वेंचर कैपिटल) से जुड़ी पहल के हिस्से के रूप में, अनुसूचित जाति समुदाय के युवाओं के भीतर अभिनव विचारों के विकास एवं प्रसार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एएसआईआईएम का 2020 में शुभारंभ किया गया था। कुल 30 लाख रुपये तक की फंडिंग के माध्यम से, एएसआईआईएम ने अनुसूचित जाति समुदाय के छात्रों एवं शोधकताओं द्वारा शुरू की गई प्रौद्योगिकी-उन्मुख परियोजनाओं व स्टार्ट-अप का समर्थन किया है। इस पहल ने उद्यमिता के मोर्चे पर सरकार की ओर से डाले जाने वाले प्रभाव में एक और गतिशील एवं अभिनव आयाम जोड़ा है।

इन पहलों का प्रभाव गहरा रहा है। कुल मिलाकर 20 राज्यों में अनुसूचित जाति के उद्यमियों के स्वामित्व वाले 200 उद्यमों को समर्थन देने के लिए 483 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए। ये उद्यम विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े हुए हैं और क्षेत्रीय विकास एवं राष्ट्र-निर्माण के व्यापक प्रयास में अहम योगदान दे रहे हैं। इसके अलावा, अनुसूचित जाति समुदाय के पहली पीढ़ी के उद्यमियों को महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करके उनकी सफलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मार्गदर्शन सत्र की पेशकश करने वाले प्लेटफॉर्म aye-metor.in की स्थापना की गई है।

अन्य पिछड़ा वर्ग के उद्यमियों की असीम क्षमताओं को पहचानते हुए, सरकार ने 2019 में पिछड़े वर्ग के लिए उद्यम पूंजी कोष (वेंचर कैपिटल फंड) की स्थापना की। कुल 143 करोड़ रुपये की मौजूदा निधि के साथ, यह कोष पिछड़े वर्ग के उद्यमियों को रियायती वित्तपोषण प्रदान करता है। इससे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र में पिछड़े वर्ग के उद्यमियों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहन मिला है। सभी उद्योगों में ग्रीन-फील्ड एवं विस्तार परियोजनाओं के लिए 20 लाख रुपये से लेकर 15 करोड़ रुपये तक की फंडिंग की पेशकश करके, हम आर्थिक समावेशिता को बढ़ावा दे रहे हैं।

इस कोष ने मैन्यूफैक्चरिंग, सेवाओं एवं कृषि से संबंधित उद्योगों सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े अन्य पिछड़ा वर्ग के उद्यमियों के स्वामित्व वाली 29 कंपनियों को 106 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। इस वित्तीय सहायता ने अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय के बीच विकास एवं समावेशिता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्ष 2021 में, 'सिल्वर इकोनॉमी' के रूप में जाने जाने वाले वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण एवं भलाई के लिए अटल वयो अभ्युदय योजना (एवीवीएवाई) के तहत 'सेज' (सीनियर एजिंग ग्रोथ इंजन) नाम की पहल शुरू की गई थी। कुल 21.50 करोड़ रुपये की वर्तमान निधि और 106 करोड़ रुपये की इच्छित निधि के साथ, सेज उद्यम कोष (वेंचर फंड) इस क्षेत्र में उद्यमिता को बढ़ावा देते हुए बुजुर्गों की बेहतरी के लिए नवीन समाधान पेश करने वाले स्टार्ट-अप का समर्थन करता है।

ये पहल हाशिए पर रहने वाले समुदायों की क्षमताओं को सामने लाने और उन्हें अपनी नियति का निर्धारण करने के कार्य में सक्षम बनाने में समर्थ रहे हैं। उद्यम पूंजी कोष (वेंचर कैपिटल फंड) के माध्यम से वित्तीय सहायता के प्रावधान के परिणामस्वरूप अर्थव्यवस्था में 700 करोड़ से अधिक मूल्य की परिसंपत्तिओं का निर्माण हुआ है और इससे 3000 से अधिक व्यक्तियों के लिए रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। हाशिए पर रहने वाले एवं कमजोर समुदायों के 400 से अधिक उद्यमियों ने अपनी उद्यमशीलता संबंधी आकांक्षाओं को सफलतापूर्वक साकार किया है। ये उद्यमी अब 'मेक इन इंडिया' पहल में सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं और इस प्रकार भारत की आर्थिक विकास एवं समृद्धि को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय हाशिए पर रहने वाले समुदायों को सशक्त बनाने तथा सामाजिक सशक्तिकरण एवं राष्ट्र-निर्माण के वाहक के रूप में उद्यमिता को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग है। अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्गों के लिए उद्यम पूंजी कोष (वेंचर कैपिटल फंड) के साथ-साथ सेज उद्यम कोष (वेंचर फंड) जैसी रणनीतिक पहलों के माध्यम से सरकार ने सभी लोगों, चाहे उनकी पृष्ठभूमि या सामाजिक हैसियत कुछ भी हो, के लिए अवसर सृजित करने का काम जारी रखा है। समावेशी प्रगति का दृष्टिकोण महज एक सपना भर नहीं है, बल्कि यह परिवर्तनकारी पहलों के माध्यम से तैयार की गई एक ऐसी वास्तविकता है जो लोगों को सशक्त बनाती है, नवाचार को बढ़ावा देती है और राष्ट्र को व्यापक विकास के मार्ग पर अग्रसर करती है। अपेक्षाकृत अधिक समावेशी एवं समृद्ध भारत के निर्माण के लिए, इस तरह के प्रयास प्रत्येक नागरिक की अप्रयुक्त क्षमताओं का दोहन करते हुए सार्थक परिणाम देते रहेंगे और एक प्रगतिशील एवं एकजुट भारत के सामूहिक दृष्टिकोण को साकार करेंगे।

## संपादकीय

### कर्ज का चस्का

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (फीरी१५ी इंल्ल' ङ्का क्ल्ल्र्ग) ने पिछल दिनों कहा था कि घरेलू बचत पिछले पांच दशकों में सबसे कम हो गई है। दूसरी तरफ कर्ज या सालाना वित्तीय देनदारी बढ़कर 5.8 फीसद हो गई, जो 2021-22 में 3.8 फीसद थी।

रिसर्च में सामने आया कि लोगों की आमदनी कम हो रही है, जबकि कर्ज बढ़कर दोगुने से अधिक यानी 15.6 लाख करोड़ पहुंच चुका है। कहा गया कि इस घरेलू बचत से निकासी का बड़ा हिस्सा भौतिक संपत्ति में चला गया है। केवल 7.1 लाख करोड़ रुपये आवास ऋण व अन्य खुदरा कर्ज के तौर पर बैंकों से लिया गया। कोविड महामारी के दौरान घरेलू ऋण व जीडीपी का अनुपात बढ़ा था, जिसमें गिरावट दर्ज की गई है।




वित्त मंत्रालय ने रजनीतिक हलकों व सोशल मीडिया पर लोगों की तीखी प्रतिक्रिया के बाद अपना पक्ष रखा। उन्होंने घरेलू बचत में गिरावट कारण लोगों का कर्ज लेकर ज्यादा घर व गाड़ियां लेना बताया। यह सच है कि नया मध्यवर्ग तेजी से बढ़ रहा है। जैसा कि सरकार दावा करती है गरीबी रेखा से लोग ऊपर उठते जा रहे हैं। ये सारे लोग अपना जीवन स्तर सुधारना चाहते हैं। देश में हर तीन में से एक भारतीय अभी मध्यवर्ग में आता है। कहा जा रहा है 2047 तक इनकी संख्या दोगुनी हो सकती है।

साथ ही उपभोक्तावाद अपने चरम पर है। लोगों में भौतिक सुविधाओं के प्रति आकर्षण बढ़ता जा रहा है। इसलिए खुद को मध्यवर्ग में शामिल करने के लोभ में कर्ज लेकर सुविधाएं जुटाने में सहूलियत मान रहे हैं। यह भी सच है कि बैंकों व अन्य आर्थिक संस्थाओं पर कर्ज बांटने का दबाव भी बढ़ता जा रहा है। वे सुविधाजनक तरीके से कर्ज मुहैया कराने का प्रयास करते हैं। यह भी मानना होगा कि कोरोना महामारी ने लोगों के भीतर एक तरह की दहशत पैदा की है।

उन्हें जिंदगी जीने में अब देरी करना फिजूल लगने लगा है। मेहनत-मजदूरी करके अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने वाले कमजोर आय वर्ग वालों ने अपना भविष्य वयस्क बच्चों के कांधों पर डाल दिया है। जिनके बच्चे ठीक-ठाक नौकरी पा चुके हैं, वे भी अपना रहन-सहन बदल रहे हैं। बचत करने में माहिर रहा आम मध्य वर्ग संकट के लिए केवल रकम जोड़ कर नहीं रख रहा। बल्कि उन्होंने तरह-तरह के बीमा और अन्य निवेशों में जोखिम लेना भी चालू किया है।


## चिंतन-मनन

### ध्वनि तंरगों से रोगें का उपचार

यह बात जान कर आप सभी को आश्चर्य होगा की ध्वनि तंरगें से भी रोगों के उपाच होते है। यह विश्व जीवों से भरा है। ध्वनि तंरगों की टकराहट से सुक्ष्म जीव मर जाते है, रात्री में सूर्य की पराबैगनी किरणां के अभाव में सूक्ष्म जीव उत्पन्न होते है जो ध्वनि तरगों की टकराहट से मर जाते है। ध्वनि तरगों से जीवों के मरने की खोज सर्वप्रथम बर्लिन विश्वविधालय में 1928 में हुई थी। शिकागों के डॉ.ब्राइन ने ध्वनि तरगों से जीवों के नष्ट होने की बात सिद्ध की है। आधुनिक वैज्ञानिकों ने सिद्ध किया कि शंख और घण्टा की ध्वनि लहरों से 27 घन फुट प्रति सेकिंड वायु शक्ति वेग से 1200फुट दूरी के बैक्टीरिया नष्ट हो जाते है।

पूर्व में मंदिरों का निमार्ण गुम्वजाकार होता था दरवाजे छोटे होते थे अन्दर की ध्वनि बाहर नही निकलती थी, बाहर की ध्वनि अन्दर प्रवेश नही करती थी। मन्दिर में एक ईष्ट देव की प्रतिमा, एक दीपक, एक घण्टा, शंख होता था। यहां कोई भी रोगी श्रद्धा से जाता घण्टा या शंख ध्वनि कर दीप जलता बैठ कर श्रद्धा से प्रार्थना भक्ति करता, मौन ध्यान करता। रोंगों के ठीक होने की कामना करता वह ठीक हो जाता था। इसका बैज्ञानिक कारण घण्टा -शंख ध्वनि भक्ति प्रार्थना की ध्वनि तंरगें बाहर न जाकर गुम्वजाकार शिखर से टकराकर शरीर से टकराती जिससे शरीर के रोगाणु नष्ट हो जाते रोग ठीक हो जाते। आज भी पुराने मंदिरों में यह होता है। इसलिये सीमित मात्रा में बोलना ठीक है। ध्वनि ज्यादा मात्रा में प्रदूषण का रूप ले लेती है, जो शारीरिक एवं मानसिक दृष्टि से हानिकारक होती है। मौन रहने में ही सुख एवं सुख मय जीवन है।

# महिला आरक्षण और जातीय जनगणना



सनत जैन



महिला आरक्षण बिल पास होने के बाद अब जातीय जनगणना की मांग जोर पकड़ने लगी है। बिहार सरकार पहले ही जातीय जनगणना कर चुकी है। अभी उसका खुलासा नहीं हुआ है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने केंद्र सरकार से जातीय जनगणना कराने की मांग की है। इसके पहले भी इंडिया गठबंधन में शामिल राजनीतिक दलों द्वारा समय-समय पर जातीय जनगणना शुरू करने का दबाव केंद्र सरकार पर बना रहे है। महिला आरक्षण बिल दोनों सदनों से सर्वसम्मति से पास हो जाने के बाद, अब राजनीतिक दलों में जाति जनगणना का सरकार पर दबाव बनाकर चुनौती दी जा रही। लोकसभा चुनाव 2024 को ध्यान में रखते हुए भाजपा ने महिला आरक्षण बिल लाकर महिलाओं के समर्थन पाने का जो सपना देखा था। किसी भी राजनीतिक दल द्वारा उसका विरोध नहीं किया गया। सभी राजनीतिक दलों ने महिला आरक्षण बिल का समर्थन करते हुए पिछड़ा वर्ग एसटी,एससी और अल्पसंख्यक को आरक्षण देने की मांग तेज कर दी है। हिंदुत्व की काट के लिए विपक्षी दलों ने महिला आरक्षण में भी सभी वर्गों की महिलाओं को संसद और विधानसभा में उनकी संख्या के आधार पर अनुपातिक स्थान मिले। इसकी नई लड़ाई राजनैतिक दलों में शुरू हो गई है। राहुल गांधी ने संसद के अंदर भारत के 90 कैबिनेट सचिवों में से मात्र 3 सचिव पिछड़ा वर्ग के होने की बात कहकर पिछड़ा वर्ग का जो उत्पीड़न हो रहा है। इस पर सारे देश का ध्यान आकर्षित करते हुए पिछड़े वर्ग का समर्थन पाने की लड़ाई तेज कर दी है। पंचायती राज अधिनियम में जिस तरह से महिलाओं को वर्ग बार आरक्षण दिया गया है। इसी तरह का आरक्षण त्वरित रुप से लागू करने की मांग को लेकर सरकार और भाजपा पर दबाव बनाया जा रहा है। महिला आरक्षण बिल पास होने के बाद सभी राजनीतिक दलों की महिलाओं में एक नई स्फूर्ति देखने को मिल रही है। भारतीय जनता पार्टी में भी पिछड़े वर्ग के नेता और कार्यकर्ता सक्रिय हो गए हैं। मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने भी महिला आरक्षण में पिछड़े वर्ग की महिलाओं को आरक्षण देने की मांग तेज कर दी है। मध्य प्रदेश में पिछड़े वर्ग की आबादी 50 फीसदी बताई जा रही है। इसको ध्यान में रखते हुए उन्होंने पृथक बुंदेलखंड राज्य की मांग करके अपनी ही पार्टी के ऊपर भारी दबाव बना दिया है। उमा भारती ने 50 फीसदी टिकटें पिछड़ों को देने की मांग कर भाजपा नेतृत्व के लिये परेशानी बढ़ा दी है। कांग्रेस और भाजपा ही नहीं वरन देशभर की सभी राजनीतिक पार्टियों में पिछड़े वर्ग को आरक्षण का लाभ दिलाने के लिए अब दबाव बनाना शुरू हो गया है। इसके साथ ही जाति आधार पर ध्रुवीकरण की एक नई राजनीतिक प्रक्रिया पूरे देश में शुरू हो गई है। इंडिया गठबंधन के राजनीतिक दलों का मानना है कि हिंदुत्व के नाम पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा जो खेल खेला जा रहा था। उसकी काट जाति जनगणना के माध्यम से ही पूरी की जा सकती है। 1990 के दशक में भी मंडल-कमंडल के माध्यम से यह प्रयास हुआ था। उसे समय मंडल के ऊपर कमंडल भारी पड़ गया था। मंडल के राजनीतिक दल एकजुट होकर नहीं रहे। कमंडल केवल भाजपा लेकर आगे बढ़ रही थी। राम मंदिर के नाम पर हिन्दुत्व का लाभ पिछले 30 वर्षों में भारतीय जनता पार्टी को मिला है। हिंदुत्व के नाम पर दलित, एसटी-एससी और आदिवासी भारतीय जनता पार्टी के बैनर तले आ गए थे। अब हिंदुओं के बीच में भी जाति के आधार और जाति आरक्षण के नाम पर एक नए बंटवारे की शुरूआत देश में विपक्षी गठबंधन इंडिया के राजनीतिक दलों ने कर दी है। यह ऐसे समय पर की गई है, जब महंगाई बेरोजगारी आर्थिक मंदी से लोगों में नाराजी हैं। सब अपने अपने हितों के संवर्धन तथा राजनीतिक दलों में अपनी हिस्सेदारी सरकार के पदों और सरकार के राजस्व पर हिस्सेदारी की मांग करने के लिए एकजुट हो रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी अभी सत्ता में है। निश्चित रूप से सारा गुस्सा उसी के ऊपर फूटेगा। हिंदुओं के मतों में बंटवारा होता है तो इसका नुकसान भी भाजपा को ही होने वाला है। महिला आरक्षण बिल का जो सांप पिटारे से निकल गया है। उसको नियंत्रित करने का मंत्र भारतीय जनता पार्टी जानती है या नहीं, यह कहना मुश्किल है। महिला आरक्षण बिल के साथ-साथ अब जाति जनगणना और सनातन के नाम पर हिंदुओं का जो बंटवारा होने जा रहा है। वह आने वाले चुनाव को प्रभावित करेगा। आगे चलकर यह नुकसान पहुंचाने वाला भी साबित होगा। अब सभी वर्ग अपने-अपने हितों की बात कर रहे हैं, जिसके कारण टकराव बढ़ता ही जा रहा है। सामाजिक वैमनस्य बढ़ रहा है। अभी एक धर्म विशेष के प्रति वैमनस्य था। अब यह सभी वर्गों में फैल रहा है।

# वैश्विकी : 'सीमा पार दमन' का घेरा



डॉ. दिलीप चौबे



अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो की हां में हां मिलाते हुए एक नया जुमला गढ़ा है- 'सीमा पार दमन'।

अब तक भारत पाकिस्तान के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद शब्दावली का प्रयोग करता रहा है, लेकिन अब ब्लिंकन ने भारत को कठघरे में खड़ा करते हुए सीमा पार दमन शब्दावली का ईजाद किया है। जाहिर है कि वह कनाडा में खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को सीमा पार दमन की श्रेणी में रखते हैं। प्रधानमंत्री टूडो की तरह ब्लिंकन ने निज्जर की हत्या के लिए भारत पर सीधे दोषारोपण नहीं किया, लेकिन उनका इशारा स्पष्ट था कि वह इस हत्या के लिए भारतीय एजेंसियों पर संदेह जाहिर कर रहे हैं। अमेरिका की यात्रा पर गए विदेश मंत्री एस. जयशंकर भारत के खिलाफ ब्लिंकन के इस पलाप का जवाब किस भाषा में देते हैं, यह देखना दिलचस्प होगा।

इस बीच अमेरिका और पश्चिमी देशों की मीडिया में भारत विरोधी दुष्प्रचार का नया दौर शुरू हो गया है। द न्यूयार्क टाइम्स, द इकोनॉमिस्ट और टाइम मैगजीन जैसे पत्र-पत्रिकाएं निज्जर की हत्या के लिए भारतीय एजेंसियों को दोषी ठहरा रही हैं। आश्चर्य की बात है कि इनमें से बहुत से लेख भारतीय या भारतीय मूल के लोगों के द्वारा लिखे गए हैं। भारत की मीडिया में आतंकवादी निज्जर की हत्या को लेकर प्रायः एक जैसी राय है कि टूडो के आरोप निराधार और शरारतपूर्ण हैं। मोदी सरकार का विरोध करने वाले समीक्षक भी टूडो के आरोपों को खारिज करते हैं।

भारतीय मीडिया में पश्चिमी देशों के पाखंड और दोहरी नीति की तीखी आलोचना की जा रही है। इतना ही नहीं बल्कि अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के साथ ही ब्रिटेन और कनाडा की एजेंसियों के काले-कारनामों की बखिया उधेड़ी जा रही है। इन एजेंसियों को खालिस्तानी आंदोलन, तमिल टाइगर के खूनी संघर्ष और पूर्वोत्तर भारत में पृथकतावादी आंदोलनों से जोड़ा जा रहा है। एक प्रमुख समाचारपत्र की रिपोर्ट के अनुसार भारत के शीर्ष खुफिया अधिकारी (अजित डोभाल) ने सीआईए प्रमुख को आतंकवादी पैरोकार गुरपतवंत सिंह पन्नू को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। यह भी संदेह व्यक्त किया गया कि पन्नू सीआईए का एजेंट हो सकता है।

इस पूरे विवाद में अमेरिका के सामने धर्मसंकट की स्थिति है। उसके वास्तविक चेहरे और चरित्र का पदार्फाश हो सकता है। फिलहाल, पश्चिमी देशों में इस बात को लेकर बहस हो रही है कि भारत और कनाडा में से यदि एक का चुनाव करना हो तो अमेरिका किसका पक्ष लेगा। दुनिया में पांच देशों (फाइव आइज) का एक मजबूत लेकिन अघोषित गठबंधन है। ये देश हैं-अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड। इन देशों को 'व्हाइट एंग्लो सेक्सन प्रोटेस्टेंट' (वास्प देश) माना जाता है। यह रक्त संबंधी भाईचारा है, जिसे आलोचक नस्लवादी गठबंधन करार देते हैं। इन देशों के रणनीतिक और सुरक्षा हित एक जैसे हैं। यही कारण है कि प्रधानमंत्री टूडो के आरोप कितने भी हास्यास्पद क्यों न हों, अमेरिका कनाडा का ही साथ देगा। हालांकि समीक्षकों का एक छोटा वर्ग मानता है कि चीन का मुकाबला करने के लिए अमेरिका को भारत की आवश्यकता है। वह भारत की नाराजगी मोल नहीं लेना चाहेगा। इन हालात में संभावना यही है कि अमेरिका दोनों देशों के बीच मेल-मिलाप की कोशिश करेगा।

बहुत कुछ इस बात पर निर्भर है कि कनाडा आने वाले दिनों में अपने यहां खालिस्तानी तत्वों के बारे में कैसा रवैया अपनाता है। खालिस्तानी तत्वों ने अगले कुछ दिनों में भारतीय उच्चायोग और वाणिज्य दूतावासों के समक्ष विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है। कनाडा सरकार इन भारत विरोधी गतिविधियों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मानती है। मोदी सरकार के तेवरों से स्पष्ट है कि भारत अब इन शरारतपूर्ण कार्रवाइयों को बर्दाश्त नहीं करेगा।

विदेश मंत्रालय ने कनाडा को आतंकवादियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह की संज्ञा दी है। अब तक यह तमगा पाकिस्तान को हासिल था। कनाडा ही नहीं बल्कि अमेरिका को भी अब यह तय करना होगा कि क्या वे अपने भौगोलिक क्षेत्र में एक पाकिस्तान का निर्माण करने का जोखिम उठा सकते हैं।

# संविधान बदलने की साजिश को लेकर कांग्रेसियो ने दिया ज्ञापन

**संस्कार उजाला, तेजवीर सिंह**



**हापुड़ ।** कांग्रेसियो ने ज्ञापन देते हुए कहा कि प्रस्तावना को भारतीय संविधान का हृदय और आत्मा माना जाता है।इसकी मूल संरचना में बदलाव नहीं किया जा सकता है। साल 2008 में कोलकाता के एक एनजीओ गुड गवर्नेंस फाउंडेशने ने प्रस्तावना से समाजवादी शब्द को हटाने से जुड़ी एक जनहित याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की थी। साल 2021 में बीजेपी सांसद केजे अल्फोंस ने राज्यसभा में प्राइवेट मेंबर बिले लाकर प्रस्तावना से 'समाजवादी' शब्द हटाने का प्रस्ताव पेश किया था, वहीं साल 2020 में बीजेपी सांसद राकेश सिन्हा ने भी ऐसी ही मांग करते हुए राज्यसभा में एक प्रस्ताव पेश किया था। साल 2015 में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालये ने अपने विज्ञापन में संविधान की प्रस्तावना की जगह ऐसी प्रति का इस्तेमाल किया था, जिसमें सोशलिस्ट और सेक्युलर ('समाजवादी और पंथ-निरपेक्ष') शब्द नहीं थे।पहले भी शाहनवाज आलम (अध्यक्ष)यूपी अल्पसंख्यक कांग्रेस के दिशानिर्देशन से प्रत्येक जिले में राकेश सिन्हा ,के जे अल्फोंस,प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष विवेक देवराय के खिलाफ समय समय पर महामहिम राष्ट्रपति व सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को ज्ञापन दिये गये हैं। 19 सितंबर 2023 को नये संसद भवन के उद्घाटन समारोह में कानून मंत्रालय द्वारा फिर से सविंधान की प्रस्तावना की ऐसी ही प्रति दुर्भावनापूर्ण वितरित की गई जिस में सोशलिस्ट और सेक्युलर शब्द नही हैं।ऐसा प्रतीत होता है कि भाजपा सविंधान को बदलने की साजिश कर रही है । कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल का ये कृत्य सविंधान विरोधी है यह बात जिला चेयरमैन हसन आतिफ ने प्रेस के माध्यम से कही। शनिवार को जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को इस सम्बंध में हस्तक्षेप करने के लिए ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर नरेश भाटी, ललित कुमार, जस्सा सिंह, शमशाद अब्बासी, असलम सैफी सीमा शर्मा , देवेंद्र , अब्दुल कलाम, यशपाल, आदि लोग उपस्थित थे।

# रमेश बिधूडी के बयान की में निंदा करता हूँ: डॉ. नरेश सागर

**संस्कार उजाला, तेजवीर सिंह**



**हापुड़।** डॉ नरेश सागर ने रमेश बिधूड़ी पर तंज कस्ते हुएकहा की नये सदन की गरिमा को तोडते हुए जिस तरह बीजेपी सांसद रमेश बिधूडी ने बसपा के कद्दावर नेता दानिश अली पर अपनी असभ्य भाषा से प्रहार किया है उससे भारतीय संस्कृति के साथ साथ सनातन धर्म की जोडने वाली विचारधारा भी अपमानित हुई हैं! एक वरिष्ठ नेता जब ऐसी घिनौनी भाषा का प्रयोग करेगा तो देश के युवाओं की और आम जनता की क्या मानसिकता होगी,ये हमें समझने की जरूरत है जो देश की अमन शांति के लिए सही नहीं हैं! नरेश सागर आगे कहा हैं कि इस देश की आजादी और तिरंगा की रक्षा के लिए मुस्लिम समाज का बराबरी का सहयोग रहा है,एक तरफ हम वीर अब्दुल हमीद और मिसाइलमैन अब्दुल कलाम का बखान करते है तो दूसरी तरफ उनकी पूरी कौम को गद्दार, आतंकवादी, कटवा और भडवा जैसे घोर निंदनीय शब्दों से प्रहार किया जाता हैं, मै इसकी निंदा ही नहीं करता बल्कि ऐसे असभ्य और भड़काऊ भाषण देने वाले लोगो पर निष्पक्ष कार्रवाई की मांग भी करते हुए ये भी गुजारिश करता हूँ की भारतीय जनता पार्टी रमेश बिधूडी जैसी मानसिकता वाले लोगो को तुरंत पार्टी से बर्खास्त करें!

## संक्षिप्त डायरी

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शित



**संस्कार उजाला**

**कुशीनगर।** राजकीय बौद्ध संग्रहालय, कुशीनगर द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जयन्ती के पूर्व संध्या पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, लखनऊ के पूर्व अध्यक्ष भिक्षु डॉ नन्दरतन जी द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन किया। प्रदर्शनी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के प्रारम्भिक जीवन से लेकर अंतिम जीवन तक के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को छायाचित्रों के माध्यम दशार्या गया है। उक्त के अतिरिक्त प्रदर्शनी में उनके सामाजिक कार्यों, एकात्म मानववाद एवं शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उधोग आदि के क्षेत्र में उनके द्वारा किये गये योगदान को छायाचित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि पं दीनदयाल जी साधारण जीवन ब्यतीत करने वाले व्यक्ति थे। वे एक राजनेता के साथ लेखक, सम्पादक एवं विचारक थे। पं दीनदयाल जी ने देश को मजबूत करने के लिए अंतिम पंक्ति में खड़े ब्यक्ति के विकास पर बल दिया। वे एकात्म मानव वाद के प्रणेता थे। उनका जीवन मानवता के लिए एक प्रेरक के रूप में जाना जाता है। उन्होंने ने अपना पूरा जीवन देश की सेवा के प्रति न्योछावर कर दिया। अतिथियों का स्वागत एवं आभार संग्रहालयाध्यक्ष अमित कुमार द्विवेदी ने किया। संचालन तेज प्रताप शुक्ला ने किया।इस अवसर पर श्रवण कुशवाहा, धीरेंद्र मिश्रा, महेश, जितेंद्र यादव,अमित सिंह, ललित यादव, जालन्धर,गोविंद,वेग, मीरचन्द आदि उपस्थित रहे। उक्त प्रदर्शनी 30 सितम्बर 2023 तक प्रत्येक कार्यदिवसों में जनसामान्य के अवलोकनार्थ हेतु जारी रहेगी।

### बैंक से गार्ड की बंदूक चोरी करने वाले घायल बदमाश सहित 4 बदमाश गिरफ्तार



**संस्कार उजाला, तेजवीर सिंह**

**हापुड ।** थाना पिलखुवा व जनपदीय एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान करन व मोहित को डूहरी पैट्रोल पम्प की पीछे जंगल से पुलिस मुठभेड एक घायल सहित 2 बदमाशों को घायलावस्था में गिरफ्तार किया है पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तगण करन व मोहित से पूछताछ की गयी तो बताया उनहोंने बताया कि 24/25 अगस्त 2023 की रात्री को हुई बैंक में चोरी के अभियोग में अपने अन्य दो साथियों फैजान पुत्र शाहबुद्दीन निवासी तहसील के पीछे स्याना थाना स्याना बुलन्दशहर हाल निवासी निकट अग्रसेन स्कूल एस्कोर्ट कालोनी दादरी थाना दादरी जनपद गौतमबुद्धनगर व आरिफ पुत्र अलीशेर निवासी कठेहरा रोड याकूब मस्जिद मौ० मेवालियान जाटवों वाली गली दादरी जनपद गौतमबुद्धनगर को बड़ौदा हिन्दुवान रेलवे फाटक के पास को भी गिरफ्तार किया है जिन्होंने साथ मिलकर प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक डूहरी से गार्ड की बंदूक चोरी करना स्वीकार किया है। जिनके कब्जे से चोरी की गई बैंक के गार्ड की बंदूक, अवैध असलहा व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद हुई है। बाद में गिरफ्तार हुए अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी की गई बंदूक के 5 जिन्दा कारतूस, एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है। जो गिरफ्तार घायल अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी हैं जिन पर जनपद हापुड़ व गाजियाबाद में हत्या के 2 अभियोग पंजीकृत है, जिनके अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। उक्त घटना का सफल अनावरण करने वाली पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा उत्साहवर्धन हेतु 25 हजार रुपये के नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है।

### दो बच्चों का कानून लागू कराने के लिए जनसंख्या समाधान फाउंडेशन करेगा 29 अक्टूबर को दिल्ली में महा आंदोलन

**संस्कार उजाला**



**मेरठ।** जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के रास्ट्रीय उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश प्रभारी रविंद्र गुर्जर ने कहा है की सरकार को दो बच्चों का कानून लागू करना चाहिए !जहाँ रविंद्र गुर्जर जी ने उजाला संस्कार से बात करते हुए बताया की इस मुद्दे पर हमारा संघठन कई वर्षो से काम कर रहा हैं बल्कि इतना ही नहीं हम सरकार को कैई बार इस मामले में चेता भी चुके हैं मगर सरकार इस मुद्दे से अपना ध्यान भटका लेती है! लेकिन अब जनसंख्या समाधान फाउंडेशन ने अपनी कमर कस कर आने वाली 29 अक्टूबर को दिल्ली मैं बैठी केंद्रीय सरकार को हिलाने का निर्णय ले लिया है जिसमें करीब 25 राज्यों के कैई हजार लोग गाजीपुर बोर्डर से दिल्ली के लिए कुंच करेंगे और जब तक नहीं हटेंगे तब तक सरकार हमारी मांग को मान नहीं लेती है !क्योंकि की देश मैं भुखमरी महंगाई और बेरोजगारी चर्म सीमा पर है एक एक घर मैं दस दस बच्चे हैं और कमाने वाला एक शख्स है तो कहां तक उनका पेट भरेगा !इस लिए देश मैं दो बच्चों का कानून लागू होना जरूरी है! रोजगार इतना है नहीं आज ज्यादा बच्चे होने के कारण इंसान ना तो उनकी सही ढंग से परवरिश कर पा रहा है और ना ही उन्हें शिक्षा सही से मिल पा रही है !बच्चे अपना पेट भरने के लिए शिक्षा से मुँह मोड़ कर बाल मजदूरी की तरफ ज्यादा जा रहे हैं जिससे हमारा भारत देश और देशों से पीछे पिछड़ता नजर आ रहा है पहले भारत को सौने की चिड़िया कहा जाता था मगर अब वही देश लगता है पहले की तरह गुलामी की जंजीरो मैं ना जकड़ जाये इस लिए जन संख्या समाधान फाउंडेशन ने दो बच्चों के कानून को सरकार से लागू कराने के लिए यह ठोस कदम उठाया है इस जन आंदोलन मैं लोंगो को हमारा साथ देना चाहिए अगर अपने बच्चों का उज्जवल भविष्य चाहते है तो अपने हक और अधिकार के लिए घरों से निकल कर हमारा साथ दें

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास, समूची मातृशक्ति को हार्दिक बधाई, मोदीजी हैं तो सब मुमकिन हैं : डॉ उमेश शर्मा

**संस्कार उजाला, महेश शर्मा**



**आगरा।** महिला आरक्षण बिल को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के नाम से भी जाना जाता है। इस बिल के पारित होने पर आधी आबादी ने खुशी जताते हुए इस विधेयक को महिलाओं के लिए ऐतिहासिक और क्रांतिकारी निर्णय बताया है। ये एक ऐसा निर्णय है, जिससे हमारी नारी शक्ति को सही मायने में उनका अधिकार मिलेगा। इस अवसर पर डॉ उमेश शर्मा ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पास होने पर समूची मातृशक्ति को हार्दिक बधाई, मोदीजी हैं तो सब मुमकिन हैं। हम बार-बार कहते थे लेकिन आज दोबारा उन्होनें ये साबिक कर दिया और आज मोदी सरकार के इस फैसले की चहुंओर प्रशंसा हो रही है। नारी शक्ति में इस फैसले के प्रति काफी खुशी है। इसके लिए देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हमेशा ऋणी रहेगा। 9 साल में प्रधानमंत्री मोदीजी ने आधी आबादी के सम्मान में बेहद महत्वपूर्ण और क्रांतिकारी निर्णय लिए हैं। इससे आने वाले समय में लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा और दिल्ली से लेकर लखनऊ तक आधी आबादी की भागीदारी बढ़ेगी। संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पारित होने के साथ देश की करोड़ों बहनों के लिए मजबूत प्रतिनिधित्व और सशक्तिकरण के युग की शुरूआत हो गई हैं। देश की करोंड़ों बहनों को पीएम मोदी के योगदान को याद रखना चाहिए। अब ये देश का कानून है। इसलिए हम सभी को पीएम मोदी जी के इस महत्वपूर्ण योगदान को याद रखना चाहिए। यह नारी शक्ति को सशक्त बनाने की दिशा में देश की यात्रा में मील का पत्थर है। ये एक ऐसा निर्णय है, जिससे हमारी नारी शक्ति को सही मायने में उनका अधिकार मिलेगा। नए संसद भवन में पहले ही कार्य दिवस पर नया इतिहास रचा गया। अब भारत का महान लोकतंत्र सच्चे अर्थों में गौरवभूषित हुआ है। देश की आधी आबादी को उनका वाजिब हक दिलाने और भारतीय लोकतंत्र को मजबूत और सहभागी बनाने का यह ऐतिहासिक और क्रन्तिकारी निर्णय नए भारत के निर्माण में बहुत ही बड़ी भूमिका निभाएगा। श्री शर्मा ने आगे कहा कि पीएम मोदीजी ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया हैं। मोदीजी द्वारा लोकसभा में प्रस्तुत नारी शक्ति वंदन अधिनियम आधी आबादी के प्रति एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय कदम है। 19 सितंबर 2023 का दिन विकसित भारत के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो जाएगा। अमृत काल में भारत को और भी ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए महिलाओं और राष्ट्र दोनों को बढ़ाया जा रहा है। नीति निर्माण में महिलाओं की भूमिका होनी चाहिए और महिलाओं को यह सुनिश्चित भी करना चाहिए। करीब 27 सालों से लंबित महिला आरक्षण विधेयक अब संसद के पटल पर लाया गया। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और केंद्र सरकार की दृढ़ इच्छा शक्ति को दशार्ता है। देश में महिलाओं को राजनीति में 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने के लिए लोकसभा में पेश किया गया प्रस्ताव अत्यंत सराहनीय हैं। महिला आरक्षण से देश में आधी आबादी का विकास सुनिश्चित होगा। देश की महिलाओं को न्याय मिलने की उम्मीद जगी हैं। मोदीजी ने दिखाया है कि वोमेन लीड इमपावरमेंट मोदी सरकार के लिए एक नारा नहीं, बल्कि एक संकल्प है। प्रधानमंत्री मोदीजी के इस निर्णय से देश और समाज में बड़ा सकारात्मक परिवर्तन आएगा। मोदीजी के इस ऐतिहासिक और प्रगतिशील निर्णय से समस्त महिला वर्ग गौरवान्वित महसूस कर रहा है। इसके लिए समूची मातृशक्ति को हार्दिक बधाई और देश की महिला शक्ति को उनका अधिकार देने वाले प्रधानमंत्री मोदीजी का हृदय की गहराइयों से आभार, वंदन व अभिनंदन करते हुए कोटि - कोटि धन्यवाद। मोदी जी ऐसे ही राष्ट्रहित में और न्यायहित में महत्वपूर्ण और क्रन्तिकारी निर्णय करते रहें।

## पत्रकार उत्पीड़न के मामले में हापुड़ का आईपा संगठन के पत्रकार हुए लामबंद

**संस्कार उजाला, तेजवीर सिंह**

**हापुड़ ।** पत्रकार के उत्पीड़न के मामले में हापुड़ के सभी पत्रकार ने आईपा संगठन एक मंच पर आ गए हैं आपको बता दे कि शुक्रवार को आईपा संगठन द्वारा आयोजित पत्रकारों की बैठक में पत्रकारों पर दिन-प्रतिदिन बढ़ते उत्पीड़न पर एक पांच सदस्य कमेटी का गठन किया और बैठक में पत्रकारों के उत्पीड़न के खिलाफ बड़े आंदोलन की रणनीति बनाने निर्णय लिया गया। जिसके लिए कार्यक्रम का आयोजन गढ़ रोड कविनगर कॉलोनी स्थित डॉ0 नरेन्द्र केन के नवनिर्माण हॉस्पिटल प्रांगण में हुआ। इस मासिक बैठक में पत्रकारिता व पत्रकारों से सम्बंधित समस्याओं पर चर्चा की गई। जिसको लेकर बैठक की अध्यक्षता रुस्तम सिंह व संचालन वरिष्ठ पत्रकार पुष्पेंद्र गौतम ने किया। बैठक में मुख्यातिथि डॉ0नरेन्द्र केन,विशेष अतिथि सोमती केन व अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य कुँवर नाजिम अली मौजूद रहे।डॉ0 नरेन्द्र केन ने पत्रकारों के बीच अपना पक्ष रखते हुए कहा कि पत्रकार की पहचान उसके धर्म से ज्यादा उसके काम से होती है। पत्रकारों को काम से रोकना अनौतिक है। पत्रकार की कोई सीमा नहीं होती है।ये उनका अधिकार है कि वह खबर को लिखे।अपनी इसी निष्पक्षता व निर्भयता के चलते वे देश के चौथे स्तम्भ में गिने जाते है।वही वरिष्ठ पत्रकार पुष्पेन्द्र गौतम ने कहा कि आने वाले दिन बहुत खराब है। ये देश की धर्म निरपेक्षता को खत्म करना चाहते है लेकिन हम कहना चाहते है हमने गंगा और जमुना का पानी पिया है। ये देश की गंगा जमुना तहजीब है। अब चुपचाप रहने का समय नहीं है खुलकर मैदान में उतरने का समय है।आईपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सागर व आईपा राष्ट्रीय सचिव सुरेन्द्र शर्मा ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कर्मठ और झुझारू रहकर पत्रकारिता करने के दिशा निर्देश दिए और जरूरत पड़ने पर सभी एकत्र रहने का आहान किया।आखिर में अतिथियों को प्रस्तुति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।तथा वहाँ मौजूद समस्त पत्रकार बन्धुओं को प्रस्तुति पत्र देकर सम्मानित किया।

### उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक लि0 लखनऊ के डायरेक्टर बने

# युवा भाजपा नेता राणा प्रियंकर सिंह

**संस्कार उजाला, आरके शर्मा**



**धामपुर।** विधानसभा धामपुर क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक अशोक कुमार राणा के सुपुत्र युवा भाजपा नेता राणा प्रियंकर सिंह बने कोऑपरेटिव बैंक लि0 लखनाऊ के डायरेक्टर (निदेशक) उत्तर प्रदेश सरकारी बैंक लखनऊ के संगठन के लिए हुए चुनाव का परिणाम घोषित हुआ ।जिसमें धामपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा के सुपुत्र भाजपा नेता राणा प्रियंकर सिंह को उत्तर प्रदेश सहकारी बैंक लखनऊ उत्तर प्रदेश के लिए डायरेक्ट निदेशक पद के लिए चुना गया ।चुनाव परिमाण घोषित कर उन्हें चयनित किया गया राणा प्रियंकर सिंह ने लखनऊ पहुंचकर अपना सर्टिफिकेट प्राप्त किया ।जिससे पहले उत्तर प्रदेश सरकारी बैंक लखनऊ उत्तर प्रदेश के निदेशक पद के लिए राणा प्रियंका सिंह का एकमात्र नामांकन पत्र दाखिल हुआ था। इस अवसर पर राणा प्रियंकर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी एवं शीर्ष पार्टी नेतृत्व व उत्तर प्रदेश सरकारी बैंक लखनऊ उत्तर प्रदेश के पदाधिकारीयों का कोटि कोटि आभार व्यक्त किया ।तथा उन्होंने कहा कि धामपुर विधानसभा में भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा के मार्गदर्शन में इस नई जिम्मेदारी को कुशलता पूर्वक पूर्ण करेंगे एवं धामपुर विधानसभा वासियों का हर संभव सहयोग करेंगे तथा धामपुर क्षेत्र के लिए विकास के लिए एक और कदम बढ़ाएंगे। इस कार्यक्रम में ब्रज बहादुर सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा प्रभारी सहकारिता , चेयरमैन पी,एस,एफ, वाल्मीकि त्रिपाठी, आलोक कुमार, नवलेश कुमार दीपक मिश्रा भाजपा नेता, शैलेंद्र सिंह, विनय पांडे ,जे,पी सिंह ,विशेष प्रताप देव, वरिष्ठ कोऑपरेटिव बैंक के पदाधिकारीयों ने राणा प्रियंकर सिंह को फूल मालाएं पहनाकर बधाई दी।

# विश्व बेटी दिवस पर श्रीलंका बुद्ध बिहार में आयोजित हुआ कवि सम्मेलन

**संस्कार उजाला**



**कसया, कुशीनगर।** विश्व बेटी दिवस के अवसर पर कुशीनारा जीवक ट्रस्ट एवं कुशीनारा इंस्टीट्यूट द्वारा श्रीलंका बुद्ध बिहार परिसर में रविवार को आयोजित कवि सम्मेलन में कवियों व शायरों ने अपनी रचनाओं को सुनाकर बहाबही लूटी।

कवि सम्मेलन का उद्घाटन भन्ते डा0 नन्द रतन ने धम्म वन्दना के साथ की। इसके पश्चात प्रदीप मिश्र ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया व अपनी रचना 'मन तथागत हो न पाया, पर तुम्हारी खोज में एक परिव्राजक सरीखा सारा जीवन हो गया', शैलेन्द्र 'असीम' ने 'नफरतें हर तरफ सिर उठाने लगीं, बुद्ध की आज फिर है जरूरत बड़ी।' परमानन्द मिश्र ने 'गीतों के अमृत रस से मैं सराबोर करने आया, छंदों से रससिक्त आपका, पोर-पोर करने आया', युवा कवि आफताब आलम ने 'कुछ लोग करते प्यार का व्यापार हैं. और आओ तुम्हे मैं अपनी कहानी बताता हूँ।', सुनील चौरसिया 'सावन' ने नजरों को बदलो, नजारे बदल जाएँगे वक्त आने पर चाँद सितारे बदल जाएँगे', प्रेमनाथ मिश्र ने 'हर क्षेत्र में बनी है पहचान बेटियों की । हैरान देखे दुनिया, उड़ान बेटियों की', वरिष्ठ कवि आर के भट्ट बावरा ने 'सन्तुलन जो बिगड़ा सृष्टी का मल-मल के हाथ पछताओगे । बेटी नहीं जो आई तो फिर बहु कहाँ से लाओगे ?, संचालन करते हुए वकार वाहिद ने 'सुला तो लेगी मां बच्चे को लेकिन खिलौना ख्वाब में आता रहेगा। अध्यक्षता कर रहे गोरखपुर से आये नामचीन शायर कलीमुल हक ने उसको आना था ना आएगा ना आए, सुनाकर कवि सम्मेलन के समापन की घोषणा की। डा0 राजेश रंजन, नवल प्रताप सिंह ने भी अपनी रचना पढ़ी। इस मौके पर कवियों ने सुनील चौरसिया का काव्य संग्रह उपाध्यक्ष अंजलि खरवार को भेंट किया। आयोजक ट्रस्ट अध्यक्ष डा0 पवन खरवार व उपाध्यक्ष अंजलि खरवार ने अतिथि कवियों व शायरों को अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रबन्धक एडवोकेट शिव कुमार ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान राकेश मिश्रा, डा0 राजेश रंजन, प्रदीप कुशवाहा, डा0 सोनू भरद्वाज, हीरालाल गोंड, महेश, एड0 राहुल शाह सहित विशिष्ट जन व पैरामेडिकल छात्राएं मौजूद रहे।

# भाजपा कार्यकताओं ने पीएम मोदी के मन की बात सुनी

**संस्कार उजाला, अजय कुमार**



**कुशीनगर।** फाजिलनगर क्षेत्र के जोकवा बाजार स्थित प्रमुख फाजिलनगर के आवास पर रविवार को भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय राय व जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय के उपस्थिति में भाजपा कार्यकताओं ने पीएम मोदी के मन की बात सुनी। इस पहले कार्यकताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास के मामले में कीर्तिमान स्थापित किया है। सबका साथ सबका विकास के नारे को चरितार्थ करते हुए केंद्र सरकार ने देश का सम्मान वैश्विक स्तर पर बढ़ाने का कार्य किया जिसका प्रमाण जी20 शिखर सम्मेलन में देखने को मिला। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की सरकार स्वास्थ्य शिक्षा के साथ गांव, गरीब, किसान और नौजवानों के समग्र विकास के लिये कई योजनाएं संचालित कर रही है जिससे गांवो का सर्वांगीण विकास होने के साथ सभी को विकास से जोड़ा जा सके। बैठक को प्रमुख प्रतिनिधि राजेश जायसवाल, सीए ओपी मिश्र, विनय तिवारी, संजय लाल श्रीवास्तव आदि लोगो ने संबोधित किया। इसके पहले ब्लाक प्रमुख उर्मिला जायसवाल ने सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

इसके बाद सभी ने मोदी के मन की बात सुनी। इस दौरान पूर्व प्रधान विनय तिवारी, ग्राम प्रधान नागेंद्र गुप्ता, मनीष तिवारी, ब्रजेश पाण्डेय, अशोक जायसवाल, धर्मेन्द्र सिंह, महेंद्र दूबे, श्रीकृष्णा उपाध्याय, मनीष सिंह, बृजबिहारी उपाध्याय, गिरजा देवी, संध्या देवी, सुशीला देवी, इन्दु देवी सुगन्धी देवी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विधायक ने किया स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन

**संस्कार उजाला, दिनेश शर्मा**



**कसया, कुशीनगर।** जनपद के जिला प्रभारी रमेश सिंह व विधायक पीएन पाठक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में फीता काटकर आयुष्मान भवः साप्ताहिक मेला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिला प्रभारी व विधायक श्री पाठक का ब्लड प्रेशर एवं स्वास्थ्य चेकअप किया गया तो ओपीडी में आये हुए मरीजों के बीमारियों की जांच की गई एवं माननीय द्वय ने जाँच केन्द्र, एक औषधि वितरण कक्ष का भी निरीक्षण किये है। अतिथि गण को सीएचसी अधीक्षक डा0 मार्कण्डेय चतुर्वेदी व आरबीएसके टीम ए प्रभारी डा0 एसके सिंह ने माल्यार्पण एवं बुके देकर स्वागत किया। डा0 सिंह ने माननीयो से मरीजों के रूम के लिए चार एसी, कोविड कक्ष की ओर खाली जमींन की इंटरलॉकिंग, नाली निर्माण व विद्युत पोलों पर सोडियम लाइट लगवाने की मांग की। इस दौरान सीएमओ डा0 सुरेश पटेरिया, डा0 आशुतोष पाण्डेय, डा0 जलज गुप्ता, डा0 गौतम जी गौरव, डा0 निधि मल्ल, विनोद कुमार, विमलेश दुबे, प्रकाश कुमार, राकेश पांडेय आदि स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

## मोबाइल लूट का किया विरोध तो बदमाश ने बीच सड़क पर बेल्ट से कर दी पिटाई, राहगीरों की जैसे ही पड़ी नजर...

**नई दिल्ली।** शास्त्री पार्क इलाके में मोबाइल लूट का विरोध करना एक युवक को भारी पड़ गया। बदमाश ने बीच सड़क युवक पर ताबड़तोड़ बेल्ट बरसा दी। युवक के अधमरा होने पर बदमाश उसका मोबाइल लूटकर ले जाने लगा। राहगीरों की जैसे ही नजर पड़ी, उन्होंने बदमाश को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। घायल हाशिम की शिकायत पर शास्त्री पार्क थाना पुलिस ने लूट समेत कई धाराओं में प्राथमिकी की है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान अनस के रूप में हुई।



**ऐसे दिया वारदात को अंजाम**

हाशिम अपने परिवार के साथ उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में रहते हैं। वह शास्त्री पार्क में रह रही अपनी बुआ के घर मिलने आए हुए थे। वह मछली मार्केट के पास एक दुकान से बीड़ी लेने गए थे, उसी दौरान एक बदमाश आया और उनसे मोबाइल लूट लिया। पीड़ित ने विरोध किया तो बदमाश ने बेल्ट से बीच सड़क पर उसकी पिटाई कर दी।

## 'आस्था और धर्म के मामलों से प्रभावित नहीं हो सकता जीवनसाथी चुनने का अधिकार', दिल्ली हाईकोर्ट ने क्यों की ये टिप्पणी?

**नई दिल्ली।** एक नव-विवाहित युगल को सुरक्षा प्रदान करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि किसी व्यक्ति का जीवन साथी चुनने का अधिकार आस्था और धर्म के मामलों से प्रभावित नहीं हो सकता है और विवाह करने का अधिकार मानवीय स्वतंत्रता का मामला है। अदालत ने कहा कि जब दो वयस्कों की सहमति शामिल हो तब सरकार, समाज यहां तक की माता-पिता को उनकी पसंद को सीमित करने का अधिकार नहीं है।




**संविधान का भी अदालत ने किया उल्लेख**

अदालत ने कहा कि जब भारत का संविधान प्रत्येक व्यक्ति को किसी भी धर्म को स्वतंत्र रूप से मानने और प्रचार करने का अधिकार देता है, तो यह विवाह के मामलों में इन पहलुओं के लिए प्रत्येक व्यक्ति को स्वायत्तता की भी गारंटी देता है। उक्त टिप्पणी करते हुए अदालत ने युगल को सुरक्षा प्रदान की। याचिका मे युवती ने आरोप लगाया था कि उसके परिवार के सदस्य उसे धमकियां दे रहे हैं। दोनों 31 जुलाई को विशेष विवाह अधिनियम के तहत शादी की थी।

## अज्ञात वाहन ने युवक को मारी टक्कर, मौत; जांच में जुटी पुलिस

**नई दिल्ली।** । दिल्ली के नंद नगरी इलाके से हिट एंड रन का मामला सामने आया है, जहां अज्ञात वाहन चालक युवक को टक्कर मारकर फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि नंद नगरी थाना पुलिस को आईटीआई-नंद नगरी के सामने वाली सड़क के सामने 25 से 27 वर्षीय एक युवक का शव होने की सूचना मिली थी। टीम ने मौके पर पहुंचकर देखा तो यह मामला हिट एंड रन का मालूम होता है। यह मामला रविवार सुबह पौने छह बजे का है।




**युवक की नहीं हुई पहचानः पुलिस**

पुलिस ने आगे बताया कि युवक को हिट करने वाले अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर चालक और वाहन की पहचान की जा रही है। मौके पर कोई गवाह नहीं मिला है। वहीं, अभी युवक की पहचान नहीं की जा सकी है। पुलिस ने शव को जीटीबी अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है और जांच शुरू कर दी है।

# सीएम बंगला मरम्मत मामलाः PWD के अधिकारियों पर जल्द हो सकती है कार्रवाई, NCCSA की बैठक में पास होगा प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास में निर्माण मामले में कथित अनियमितताओं को लेकर लोक निर्माण विभाग के सात अभियंताओं पर जल्द गाज गिर सकती है। दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा इस मामले में अभियंताओं की याचिका का निपटारा कर दिए जाने के बाद अब इनके खिलाफ कार्रवाई का रास्ता साफ हो गया है।दिल्ली सरकार के सूत्रों की मानें तो अब जल्द ही यह मामला राष्ट्रीय राजधानी सिविल सेवा प्राधिकरण (एनसीसीएसए) की बैठक में आ सकता है।

कार्रवाई की योजना के अनुसार, एनसीसीएसए की बैठक में यह मामला लाकर इस बारे में प्रस्ताव पास किया जाएगा। जिसे एलजी के पास अनुमति के लिए भेजा जाएगा। एलजी अनुमति देते हैं तो इसे बगैर देर किए केंद्र सरकार के पास भेजा जाएगा। ये सभी अभियंता केंद्रीय लोक निर्माण विभाग के हैं ऐसे में एनसीसीएसए के की सिफारिश पर सीपीडब्ल्यूडी कार्रवाई करेगा।

जानकारों का यह भी कहना है कि अगर एनसीसीएसए की बैठक बुलाने में समय लगता है तो दिल्ली सरकार अदालती हस्तक्षेप हट जाने की जानकारी भी केंद्रीय लोक निर्माण विभाग भेज सकती है और उनसे कार्रवाई के लिए आग्रह कर सकती है।

**ज्यादातर अधिकारियों पर लगे हैं आरोप**

इस मामले में दिल्ली सरकार का सतर्कता विभाग सीपीडब्ल्यूडी को पहले ही रिपोर्ट भेजी जा चुकी है, जिसमें अधिकतर अभियंताओं पर जांच में अनियमितताओं के कई कई आरोप लगाए गए हैं।




दिल्ली सरकार के जुड़े एक अधिकारी कहते हैं कि अब यह बात तो स्पष्ट हो चुका है कि निर्माण मामले में अनियमितता हुई है इसलिए कार्रवाई न होने का सवाल ही नहीं है।मगर अदालत के चलते कार्रवाई रुक गई थी जो अब आगे बढ़ेगी।इसी के चलते एनसीसीएसए की पिछली बैठक में एजेंडा में होने के बाद भी इस मुद्दे पर चर्चा नहीं हो सकी थी।

**अभियंता ने सतर्कता विभाग को नहीं दिया जवाब**

बता दें कि दिल्ली सरकार के सतर्कता विभाग ने मुख्यमंत्री आवास में हुए निर्माण (रिनोवेशन) मामले में कथित अनियमितताओं के मामले में गत 19 जून को लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के सात अभियंताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया था।

जवाब के लिए 15 दिन का समय दिया गया था जो बुधवार को पूरा हो गया। मगर इस मामले में किसी भी अभियंता ने सतर्कता विभाग को जवाब नहीं दिया है।जिन अभियंताओं को नोटिस दिया गया है, उनमें उस समय के प्रधान मुख्य अभियंता अशोक कुमार राजदेव, मुख्य अभियंता पीके परमार, प्रधान मुख्य अभियंता रहे एके आहुजा (अब सेवानिवृत्त), अधीक्षण अभियंता अभिषेक राज, अधिशासी अभियंता विनय चौधरी व शिबनाथ धारा व सहायक अभियंता रजतकांत के नाम शामिल हैं।

## दिल्ली में डेंगू के साथ-साथ फैल रहा है स्वाइन फ्लू, सामने आए 67 मामले

**नई दिल्ली।** राजधानी में इन दिनों डेंगू के साथ-साथ स्वाइन फ्लू का संक्रमण भी फैला हुआ है। राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र की एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले माह दिल्ली में स्वाइन फ्लू के 36 मामले आए। इस वजह से पिछले माह तक दिल्ली में स्वाइन फ्लू के कुल 67 मामले आ चुके हैं।

डॉक्टरों के अनुसार, अस्पतालों में अब भी स्वाइन फ्लू के मामले देखे जा रहे हैं। इसके अलावा इन्फ्लूएंजा ए के एच3एन2 वायरस के संक्रमण से पीड़ित मरीज भी पहुंच रहे हैं। डॉक्टर बताते हैं कि एच3एन2 के मरीज अधिक देखे जा रहे हैं। यह स्वाइन फ्लू (एच1एन1) की तुलना में कम खतरनाक है। दोनों के संक्रमण में एक जैसे लक्षण होते हैं। सामान्य तौर पर फ्लू से संक्रमित लोगों को खांसी, जुकाम, गले में दर्द, 102 से 103 डिग्री फारेनहाइट तक बुखार व सांस इत्यादि की परेशानी होती है।

लेकिन स्वाइन फ्लू में गंभीर बीमारी होने की आशंका अधिक रहती है और सांस फूलने की परेशानी अधिक हो सकती है। इस वजह से लोगों को अधिक सतर्क रहने की जरूरत है। खांसी, जुकाम, गले में दर्द और तेज बुखार के साथ सांस लेने में परेशानी हो तो डॉक्टर से तुरंत संपर्क करना चाहिए।




**बिना डॉक्टर की सलाह के न ले दवा**

डॉक्टर के परामर्श के बगैर दुकान से दवा लेकर खुद से इलाज सेहत के लिए महंगा पड़ सकता है। फ्लू के संक्रमण से बचाव के लिए मेट्रो व भीड़ वाली जगहों पर मास्क का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके अलावा हाथ को नियमित रूप से धोना चाहिए। फ्लू से बचाव के लिए टीका भी उपलब्ध है। इसका टीका हर वर्ष लेना होता है। सर्दी के मौसम में फ्लू होने का खतरा अधिक रहता है। इस वजह से सर्दियों में इसके मामले अधिक होते हैं। लिहाजा फ्लू से बचाव के लिए लोग अभी टीका ले सकते हैं।

## डूसू चुनाव में एबीवीपी ने अध्यक्ष सहित तीन पदों पर किया कब्जा

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव में शनिवार को अध्यक्ष सहित तीन पदों पर अपना परचम फहराया, जबकि एक पद पर नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन (एनएसयूआई) ने बाजी मारी।

गौरतलब है कि कोरोना वायरस की वजह से तीन साल बाद डीयू में छात्र संघ चुनाव हुए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तथा पार्टी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने डूसू चुनाव में एबीवीपी की जीत पर कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ÷ दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के चुनाव में एबीवीपी को मिली प्रचंड जीत पर परिषद् के सभी कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई। यह जीत राष्ट्रहित को सर्वप्रथम मानने वाली विचारधारा में युवा पीढ़ी के विश्वास को दर्शाती है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि परिषद् के कार्यकर्ता युवाओं में स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों और राष्ट्रवाद की भावना को जागृत रखने के लिए निरंतर संकल्पित भाव से कार्य करते रहेंगे। को लेकर ट्वीट किया। उन्होंने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई दी।'

श्री नड्डा ने एक्स पोस्ट में कहा, 'स्वामी विवेकानन्द के आदर्शों से प्रेरित होकर एबीवीपी ने हमेशा हमारे युवाओं के दिलों में राष्ट्रवाद और निस्वार्थ सेवा की लौ जलाई है।' डूसू चुनाव में अध्यक्ष पद एबवीपी के तुषार डेढ़ा ने जीत दर्ज की। डेढ़ा को 23 हजार 460 मत मिले हैं, जबकि दूसरे पद पर रहे एनएसयूआई हितेश गुलिया को 20,345 वोट मिले हैं। वहीं उपाध्य पद पर एनएसयूआई के अभि दहिया जीते हैं। उन्हें 22331 वोट मिले हैं, जबकि दूसरे नंबर पर रहे एबीवीपी सुशांत धनखड़ को 20502 वोट मिले हैं। सचिव पद पर एबीवीपी की अर्पिता ने जीत




कर रही हैं। उन्हें 24534 वोट मिले, जबकि दूसरे नंबर रहे एनएसयूआई की यक्षणा शर्मा को 11597 वोट मिले हैं। वहीं सह सचिव पद पर एबीवीपी के सचिन बैंसला ने जीत दर्ज की है। उन्हें 24955 वोट मिले, जबकि दूसरे नंबर पर रहे एनएसयूआई के शुभम कुमार को 14960 वोट मिले हैं।

## असंसदीय भाषा का इस्तेमाल करने के सवाल पर बचते दिखे रमेश बिधूड़ी, बोले- मैं इसपर कुछ नहीं कहना चाहता

**नई दिल्ली।** लोकसभा में बसपा सांसद दानिश अली के खिलाफ की गई टिप्पणी के बारे में जब मीडिया ने भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी से सवाल किया तो वह इससे बचते नजर आए। उन्होंने कहा कि स्पीकर उस पर गौर कर रहे हैं, मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता।

चंद्रयान -3 की सफलता पर रमेश बिधूड़ी बोल रहे थे। इसी बीच बसपा सांसद दानिश अली ने टिप्पणी की। जिसके बाद भड़के भाजपा सांसद ने बसपा सांसद के खिलाफ आपत्तिजनक और असंसदीय शब्दों का इस्तेमाल किया।

**भाजपा ने बिधूड़ी को जारी किया नोटिस**



दक्षिणी दिल्ली से सांसद रमेश बिधूड़ी ने संसद में बहस के दौरान बसपा सांसद दानिश अली पर अभद्र टिप्पणियां कर दीं। इससे पूरा विपक्ष केंद्र पर हमलावर हो उठा। बिधूड़ी पर तत्काल कड़ी कार्रवाई करने और उनसे उनकी अभद्र टिप्पणियों के लिए क्षमा मांगने की बात कही गई। अपने एक सांसद के आपत्तिजनक बयान के बाद भाजपा भी बैकफुट पर दिखाई पड़ रही थी। पार्टी ने नोटिस जारी कर बिधूड़ी से उनके बयान पर सफाई मांगी और कहा कि उनकी इस अभद्र टिप्पणी के लिए उन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई क्यों न की जाए।

## मोदी की लोगों से देश की विविधता का दर्शन करने की अपील

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को लोगों से भारत की विविधता का दर्शन करने की अपील करते हुये कहा कि इससे न सिर्फ लोग गौरवशाली इतिहास से परिचित होंगे बल्कि स्थानीय लोगों की आय बढ़ाने का भी इहम माध्यम बनेंगे। श्री मोदी ने आकाशवाणी पर अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात की 105 वीं कड़ी में राष्ट्र को संबोधित करते हुये कहा कि कर्नाटक के होयसड़ा मंदिरों को यूनेस्को ने विश्व धरोहर सूची में शामिल किया है, उन्हें,13वीं शताब्दी के बेहतरीन वास्तुशिल्प के लिए जाना जाता है। इन मंदिरों को यूनेस्को मान्यता मिलना, मंदिर निर्माण की भारतीय परंपरा का भी सम्मान है। भारत में अब विश्व धरोहर संपदा की कुल संख्या 42 हो गई है। भारत का प्रयास है कि हमारे ज्यादा-से-ज्यादा ऐतिहासिक और सांस्कृतिक जगहों को यूनेस्को से मान्यता मिले।



# उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की बैठक मंगलवार को अमृतसर में

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को पंजाब के अमृतसर में उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की 31 वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

उत्तरी क्षेत्रीय परिषद में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश राज्य तथा केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और चंडीगढ़ शामिल हैं। बैठक का आयोजन गृह मंत्रालय के अधीन अंतर राज्य परिषद सचिवालय द्वारा पंजाब सरकार के सहयोग से किया जा रहा है। उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की 31 वीं बैठक में सदस्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ-साथ प्रत्येक राज्य से दो वरिष्ठ मंत्री, केंद्रशासित प्रदेशों के उपराज्यपाल अथवा प्रशासक भाग लेंगे। बैठक में राज्य सरकारों, केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे।

राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 की धारा 15-22 के तहत वर्ष 1957 में पांच (5) क्षेत्रीय परिषदों की स्थापना की गई थी। केंद्रीय गृह मंत्री इन पांचों क्षेत्रीय परिषदों के अध्यक्ष हैं और क्षेत्रीय परिषद में शामिल राज्यों के मुख्यमंत्री इसके सदस्य हैं, जिनमे से एक मुख्यमंत्री (हर साल बारी-बारी से) उपाध्यक्ष होते हैं। राज्यपाल द्वारा प्रत्येक राज्य से दो और मंत्रियों को परिषद के सदस्य के रूप में नामित किया जाता है।



प्रत्येक क्षेत्रीय परिषद ने मुख्य सचिवों के स्तर पर एक स्थायी समिति का भी गठन किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि सशक्त राज्य ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण करते हैं। क्षेत्रीय परिषदें दो या अधिक राज्यों अथवा केंद्र और राज्यों को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर नियमित संवाद और चर्चा के लिए एक व्यवस्थित तंत्र के जरिए सहयोग बढ़ाने का मंच प्रदान करती हैं।

क्षेत्रीय परिषदों की भूमिका सलाहकारी है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में ये परिषदें विभिन्न क्षेत्रों में आपसी समझ और सहयोग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण साबित हुई हैं। सभी राज्य सरकारों, केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों के सहयोग से जून, 2014 से अब तक पिछले नौ वर्षों में विभिन्न क्षेत्रीय परिषदों की कुल 53 बैठकें हुई है जिसमें स्थायी समितियों की 29 बैठकें और क्षेत्रीय परिषदों की 24 बैठकें शामिल है।

श्री शाह ने राज्यों को सशक्त बनाने और नीतिगत ढांचे में केंद्र तथा राज्यों के बीच बेहतर समझ को बढ़ावा देने के लिए सहकारी संघवाद के दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया है। साथ ही उन्होंने विवादों के समाधान और सहकारी संघवाद को बढ़ावा देने के लिए क्षेत्रीय परिषद के मंच का उपयोग करने पर भी जोर दिया है।

क्षेत्रीय परिषदें व्यापक मुद्दों पर चर्चा करती हैं जिनमें भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड, पंजाब विश्वविद्यालय में संबंधन , प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण कार्य, नहर परियोजना एवं जल बंटवारा, राज्य- पुनर्गठन से सम्बंधित मुद्दे, बुनियादी ढांचे के विकास में भूमि अधिग्रहण, पर्यावरण और वन सम्बन्धी अनुमति,उड़ान योजना के तहत क्षेत्रीय कनेक्टिविटी तथा क्षेत्रीय स्तर के सामान्य हित के अन्य मुद्दें शामिल हैं।

क्षेत्रीय परिषदों की प्रत्येक बैठक में राष्ट्रीय महत्व के अनेक मुद्दों पर भी चर्चा की जा रही है। इनमें महिलाओं और बच्चों के खिलाफ दुष्कर्म के मामलों की त्वरित जांच और इसके शीघ्र निपटान के लिए फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालयों का कार्यान्वयन,प्रत्येक गांव के पांच किमी के भीतर बैंकों, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक शाखाओं की सुविधा,देश में दो लाख नई प्राथमिक कृषि ऋष्ण समितियों का गठन, पोषण अभियान के माध्यम से बच्चों में कुपोषण को दूर करना, स्कूली बच्चों की पढ़ाई छोड़ने की दर कम करना, आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में सरकारी अस्पतालों की भागीदारी और राष्ट्रीय स्तर के सामान्य हित के अन्य मुद्दें शामिल है।

## स्वच्छता अभियान से जुड़ने का आह्वान किया मोदी ने

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से आगामी एक अक्टूबर को स्वच्छता अभियान से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा है कि यह महात्मा गांधी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

श्री मोदी ने रविवार को आकाशवाणी पर अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात में देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि जी- 20 शिखर सम्मेलन के दौरान विश्व नेता बापू को श्रद्धासुमन अर्पित करने एक साथ राजघाट पहुंचे। यह इस बात का एक बड़ा प्रमाण है कि दुनिया-भर में बापू के विचार आज भी कितने प्रासांगिक है।

उन्होंने कहा कि गांधी जयंती को लेकर पूरे देश में स्वच्छता से सम्बंधित बहुत सारे कार्यक्रमों की योजना तैयार की गई है। केंद्र सरकार के सभी कार्यालयों में 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' काफी जोर-शोर से जारी है। इंडियन स्वच्छता लीग में भी काफी अच्छी भागीदारी देखी जा




रही है। श्री मोदी ने कहा, 'आज मैं 'मन की बात' के माध्यम से सभी देशवासियों से एक आग्रह भी करना चाहता हूं - एक अक्टूबर यानि रविवार को सुबह 10 बजे स्वच्छता पर एक बड़ा आयोजन होने जा रहा है। आप भी अपना वक्त निकालकर स्वच्छता के जुड़े इस अभियान में अपना हाथ बटाएं। आप अपनी गली, आस-पड़ोस, पार्क, नदी, सरोवर या फिर दल किसी दूसरे सार्वजनिक स्थल पर इस स्वच्छता अभियान से जुड़ सकते हैं और जहाँ-जहाँ अमृत सरोवर बने हैं वहाँ तो स्वच्छता अवश्य करनी है। स्वच्छता की ये कार्यांजलि ही गांधी जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।÷महत्वपूर्ण कदम होंगी।

## चंद्रबाबू नायडू ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने राज्य में अपने खिलाफ दर्ज कथित कौशल विकास घोटाले से जुड़ा एक मुकदमा रद्द करने की गुहार लगाते हुए शनिवार को उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

विधानसभा में विपक्ष के नेता और तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नायडू ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के 22 सितंबर के उस आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत के समक्ष विशेष अनुमति याचिका दायर की है, जिसमें 9 दिसंबर 2021 को दर्ज एक प्राथमिकी और उनकी न्यायिक हिरासत के आदेश को रद्द करने से इनकार कर दिया गया था। उन्होंने अपने खिलाफ लगे आरोपों को निराधार बताते हुए याचिका में आरोप लगाया है कि राजनीतिक द्वेष कारण बदले की भावना से उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है तथा एक सुनियोजित साजिश के साथ राज्य की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी को सत्ता की दौड़ से बाहर करने के उद्देश्य से प्राथमिक की दर्ज की थी। याचिका में दलील दी गई है कि याचिकाकर्ता वर्तमान में विपक्ष के नेता, तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने 14 साल से अधिक समय तक राज्य की सेवा की है। ऐसे व्यक्ति को अवैध रूप से एक एफआईआर और जांच के लिए हिरासत में रखा गया है।

याचिका में कहा गया है, राजनीतिक प्रतिशोध की हद 11 सितंबर 2023 को पुलिस हिरासत देने के लिए देर से दिए गए आवेदन से जाहिर होता है, जिसे सभी विरोधों को कुचलने के लिए लक्षित किया जा रहा है। याचिका में कहा गया है कि याचिकाकर्ता के खिलाफ आरोप (हालांकि निराधार) मुख्यमंत्री के रूप में उनके आधिकारिक कर्तव्यों के निर्वहन में लिए गए निर्णयों से संबंधित है।

# धूमधाम से मनाया गया राधारानी जन्मोत्सव









**संवाददाता**

**गौतमबुद्धनगर ।** श्रीराधा अष्टमी भगवान श्रीकृष्ण की नित्य संगिनी एवं आह्लादिनी शक्ति श्रीमती राधारानी का जन्मोत्सव आज शनिवार, दिनाँक 23 सितम्बर को धूमधाम से मनाया गया। प्रातः 4:30 बजे से ही मन्दिर में श्रद्धालुओं का तांता लग गया। मुख्य उत्सव दोपहर 11 बजे प्रारम्भ हुआ। जिसमें भजन, कीर्तन, भगवान का अभिषेक तथा सभी के लिए प्रसादम की व्यवस्था रही। इसके लिए युगल जोड़ी की नई पोशाक तैयार की गई थी। श्री राधा गोविन्द देव का पञ्च गव्य (दूध, दही, घी शहद, फलों के रस एवं पुष्प) से सुन्दर अभिषेक किया गया। पूरे मन्दिर को फूलों से सजाया गया था। अपने प्रवचन में श्रीमान अतुल कृष्ण प्रभु ने श्रीमती राधारानी के इस पृथ्वी पर अवतरण की कथा सुनाई तथा हमारे जीवन में श्रीमती राधारानी के चरणों का आश्रय लेने के महत्व पर चर्चा की। भगवान को देशी एवं विदेशी व्यंजनों सहित 108 भोग अर्पित किए गए। दोपहर 1 बजे सभी को प्रसादम वितरित किया गया। इस उत्सव में लगभग 5000 लोग सम्मिलित हुए। कुल मिलाकर उत्सव अत्यन्त उत्साहपूर्ण तथा उल्लासपूर्ण रहा।

## संक्षिप्त डायरी

### दीपाली यादव बनी एबीवीपी की अध्यक्ष



**संवाददाता**

**नोएडा।** शहर के गांव गढ़ी चौखंडी के निवासी और राजकीय डिग्री कॉलेज सेक्टर 39 के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष रिंकू यादव की प्रिय भतीजी दीपाली यादव भगिनी निवेदिता महाविद्यालय नजफगढ़ से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी ) के टिकट से अध्यक्ष पद के चुनाव पर बहुत ही भारी मतों से विजय हुई और अपने पैतृक गांव गढ़ी चौखंडी और अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया।।

### ज्ञान सत्र का आयोजन किया गया



**संवाददाता**

**गौतमबुद्धनगर।** आज यूपी अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी में ज्ञान सत्र का आयोजन किया गया, जिसका विषय था शिक्षा और उद्योग के क्षेत्र में उद्योग-शैक्षिक सहयोग में सामंजस्य बनाना"डॉक्टर इंदु उप्रेति ने गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय का इस सत्र में प्रतिनिधित्व किया और अपने व्याख्यान में उन्होंने विश्वविद्यालय के शोध योगदान, शोध उपलब्धियों और परियोजनाओं के बारे में बात की, साथ ही उद्योग पिछले एक से दो वर्षों में हुए आपसी समझौतों आदि संदर्भ में भी बात की। साथ ही उन्होंने यह भी बताया की हाल की उद्योग जगत से समझौतों का छात्रों के ज्ञान में वृद्धि एवं उन्होंने नौकरी मिलने भी भी मदद मिली। उच्च शिक्षा संस्थानों के उद्योग-शैक्षिक साझेदारी को प्रवर्तित करने के लिए उद्योग-शैक्षिक साझेदारी को प्रमोट करने के लिए ज्ञान सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें उच्च शिक्षा संस्थानों को उद्योगों के साथ साझेदारी के महत्व को चर्चा करने और गहन विचार करने के लिए आमंत्रित किया गया था! इस सत्र में ग्रेटर नोएडा में अवस्थित शारदा विश्वविद्यालय, शिव नाडर विश्वविद्यालय, एमिटी विश्वविद्यालय के शिक्षाविदों और अधिकारीयों ने भी इस ज्ञान सत्र में प्रतिभाग किया। सभी ने विश्वविद्यालयों में स्टार्टअप और उद्यमिता अरूढ़ करने के लिए उद्योग-शैक्षिक साझेदारी के महत्व पर जोर दिया।

### किशोर ने 15वीं मंजिल से कूदकर किया सुसाइड: 10वीं क्लास है छात्र




**संवाददाता**

**नोएडा ।** सुपरटेक केप-टाउन सोसाइटी में एक 15 साल के किशोर ने सोसाइटी के 15वें फ्लोर की बालकानी से कूदकर सुसाइड कर लिया। घटना रात करीब सवा एक बजे की है। आवाज आने पर गार्ड ने पुलिस और घर वालों को जानकारी दी। जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आयुक्त के पीआरओ पंकज सिंह ने बताया कि जिस समय किशोर ने सुसाइड किया उस समय बाकी सभी सदस्य घर में मौजूद थे। किशोर की पहचान अंगद हुई है। वो 10वी क्लास का छात्र है। पिता गुरु चरण सिंह का पहले ही देहांत हो चुका है। घर पर मा सिमरन कौर और बहन रहती है। परिवार के सदस्यों को नहीं पता कि उसने सुसाइड क्यों किया। मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। हालांकि बताया गया कि कुछ दिनों से परेशान चल रहा था। वहीं पुलिस ने किशोर का मोबाइल लिया है। जिसकी जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि परिजनों से पूछताछ के बाद ही सुसाइड के कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। बता दे नोएडा हाइराइज सोसाइटी में सुसाइड करने के मामले बढ़ते जा रहे है।

## डीएम के आश्वासन पर किसानों ने अपना धरना स्थगित किया



**संवाददाता**

**गौतमबुद्धनगर।** एनटीपीसी दादरी भारतीय किसान परिषद के नेतृत्व प्रभावित 24 गाँवों के धरने के 347 वे दिन की अध्यक्षता ठाकुर सुरेंद्र सिंह चौहान व संचालन मास्टर मनमिंदर भाटी ने किया। आज धरना स्थल पर डीएम मनीष कुमार वर्मा व एनटीपीसी सीजीएम ब्रह्माजी राव गप्पा ने धरना स्थल पर आकर किसान मुख्य माँग समान मुआवजा व रोजगार व अन्य माँगो पर सकारात्मक रूख अपनाते हुए किसानों के हित मैं काम डेढ़ महीने मै काम करने का पुरा आश्वासन दिया ।व हर सप्ताह किसानों के साथ वार्ता करके सभी करारों जल्दी पुरा कराया जायेगा ।राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखवीर खलीफा ने पुरी पंचायत में विचार विमर्श करने के बाद कहा हम डीएम सहाब की बातों हम सब सहमत है ।अगर हमें एक काम होता हुआ पटल पर नहीं दिखाई देता है तो फिर आन्दोलन करने को मजबूर होगे।एनटीपीसी किसान प्रवक्ता एडवोकेट अनूप राघव ने बताया की सभी किसानों हर बिन्दु पर विचार किया है ।हमें अब डीएम व एनटीपीसी के अधिकारियों से उम्मीद दिखाई दे रही है कि किसान के जल्दी ही काम होने वाले हैं ।सभी बिन्दुओं पर मीनिटस ले ली गई है ।आज लिखित समझौते के आधार पर डीएम मनीष कुमार वर्मा,एडीएम (भू०अ०)बलराम सिंह,एनटीपीसी सीजीएम ब्रह्माजी राव गप्पा, एसडीएम दादरी आलोक कुमार गुप्ता,जारचा एसएचओ ज्ञानसिह गुर्जर,एनटीपीसी के उच्च अधिकारी मौजूद रहे सभी किसानों उपस्थिति मै आज डेढ़ महीने के लिए धरना स्थगित कर दिया गया है ।

## पार्किंग को लेकर विवाद : गार्ड के रोकने के बाद सड़क पर खड़ी कर दी कार



**संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-107 स्थित ग्रेट वैल्यूशरणम सोसाइटी में शुक्रवार दोपहर कार पार्क करने को लेकर सिक्योरिटी गार्ड और वहां के किरायेदारों के बीच कहासुनी हो गई। शनिवार को घटना का वीडियो वायरल हुआ, जिसमें तीन युवक सिक्योरिटी गार्ड से गाली गलौज और बदसलूकी करते दिख रहे हैं। सिक्योरिटी गार्डों ने बताया कि सोसाइटी में किराये पर रहने वाले युवकों ने शुक्रवार को सड़क पर कार पार्क कर दी, जिससे लोगों को परेशानी हो रही थी। युवकों से जब कार को वहां से हटाकर पार्किंग एरिया में खड़ी करने के लिए कहा गया तो उन्होंने 10 मिनट में वापस आने की बात कही। कई घंटे तक जब युवक नहीं लौटे तो कार के चक्के में डिस्क लॉक लगा दिया गया। लौटने के बाद युवकों ने जब डिस्क लॉक देखा तो सिक्योरिटी गार्ड पर भड़क गए और गाली गलौज करते हुए गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। इस दौरान दोनों पक्षों में हाथापाई भी हुई। दोनों पक्षों की ओर से पुलिस को शिकायत नहीं दी गई है। शिकायत मिलने पर मामले में कार्रवाई की जाएगी। घटनास्थल पर मौजूद एक सिक्योरिटी गार्ड ने घटना का वीडियो भी बना लिया।

## घर बैठे लाखों कमाने का झांसा देकर सॉफ्टवेयर इंजीनियर को बनाया शिकार, 6.80 लाख रुपये ठगे

**संवाददाता**

**नोएडा ।** पार्ट टाइम नौकरी कर घर बैठे लाखों रुपए कमाने का झांसा देकर साइबर जालसाजों ने सॉफ्टवेयर इंजीनियर से छह लाख 80 हजार रुपए की ठगी की। पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर क्राइम थाने में की है। अज्ञात जालसाज के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। ग्रेटर नोएडा के निराला स्टेट के अजीत सिंह राघव ने बताया कि कुछ समय पहले उनके मोबाइल पर पार्ट टाइम नौकरी कर प्रतिमाह लाखों रुपये कमाने का मैसेज आया। मैसेज के माध्यम से बात करने पर जालसाज ने इंजीनियर को बताया कि उसे इंस्टाग्राम पर प्रोफाइल्स को फॉलो करना होगा। प्रति फॉलो पर शिकायतकर्ता को 50 रुपये बतौर मुनाफा देने की बात तय हुई। इसके बाद शिकायतकर्ता को अलास नाम की टेलीग्राम आईडी से जोड़ा गया। प्रारंभिक चरण में कुछ मुनाफा देने के बाद जालसाजों ने पीड़ित को प्रीपेड टास्क का हवाला देते हुए निवेश पर तीन गुना मुनाफा देने की बात कही। एक हजार रुपये का निवेश करने पर पीड़ित को 30 प्रतिशत मुनाफा सहित रकम वापस कर दी गई। इसके बाद पीड़ित ने कई बार में कुल छह लाख 80 हजार रुपये निवेश कर दिए। इसमें कुछ रकम उसने रिश्तेदारों से भी ली। इंजीनियर पर छह लाख रुपये और निवेश करने का दबाया बनाया जाने लगा तो उसे ठगी की आशंका हुई।

## शारदा यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय शारदा शताब्दी सम्मान समारोह का समापन



**संवाददाता**

**गौतमबुद्धनगर।** ग्रेनो के नॉलेज पार्क स्थित शारदा यूनिवर्सिटी में आयोजित दो दिवसीय शारदा शताब्दी सम्मान समारोह का समापन हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आचार्य मिथिलेश नंदिनी शरण जी महाराज, सुप्रीम कोर्ट के जज पंकज मित्तल, अजीत प्रसाद महापात्र अखिल भारतीय गो सेवा प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, प्रोफेसर प्रमोद दुबे राष्ट्रवादी चिंतक, सतीश चंद्रा चेयरमैन लोक सेवा आयोग को शॉल ओढ़ाकर और तुलसी का पौधा देकर शारदा यूनिवर्सिटी के चांसलर पीके गुप्ता व प्रो चांसलर वाईके गुप्ता ने स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान लेखकों की पुस्तक का विमोचन किया गया साथ ही विभिन्न क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले 21 लोगों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के दौरान जम्मू कश्मीर की लोक सेवा आयोग के चेयरमैन सतीश चंद्रा ने कहा कि शारदा सर्वज्ञ पीठ कश्मीर के पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अमृतानंद देव तीर्थ जो कश्मीर में कार्य कर रहे है वो सराहनीय है। इसकी हम कल्पना नही भी नही कर सकते। आर्टिकल 370 हटने के बाद जम्मू कश्मीर के हालात में सुधार आया है, आए दिन होने वाली हड़ताल और पत्थरबाजी कम हुई है।

स्कूल और कॉलेजों में बिना डरे आ रहे है। ऑफिस भी टाइम से खुल रहे है।राष्ट्र चिंतक और विचारक प्रमोद दुबे ने अध्यात्म से आपको दुआ मिलती है जिससे आप खरीद नही सकते। युवाओं को ज्ञान की उपासना करनी चाहिए इसकी वजह आप लोगों बता सके की दया धर्म की जननी है जो अध्यात्म से आती है। वहीं आचार्य मिथिलेश नंदिनी शरण जी महाराज कहा कि परंपरा एक धारा है जो नियमित चलती रहती है। गुरु से ज्ञान की प्राप्ति और जन्म से ही परंपरा का दायित्व होता है।

## बाइक-रेस देखने आए विदेशी मेहमानों ने गांवों का किया भ्रमण

# ग्रामीणों के साथ खिंचवाए फोटो




**संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जेवर में स्थित बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में चल रही मोटोजीपी बाइक रेस देखने के लिए विभिन्न देशों के लोग आए हुए हैं। जो ग्रेटर नोएडा के विभिन्न होटलों में ठहरे हुए हैं। जो रेस शुरू होने से पहले क्षेत्र के गांवों में भी पिछले दो दिनों से घूम रहे हैं। ग्रामीणों के घर पहुंच कर विभिन्न प्रकार की जानकारी भी अपने साथ गाइड के माध्यम से ले रहे हैं। साउथ अफ्रीका निवासी नाने विल्ली अपने कई साथियों के साथ क्षेत्र के रीलखा और सालारपुर गांव में रविवार की सुबह पहुंचे। इस दौरान उन्होंने गांव के बाहर हुक्का पी रहे ग्रामीणों के पास पहुंचकर हुक्का के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही बाद में खेतों में पहुंचकर उन्होंने धान, अरहर और मक्का की फसल की भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने गाइड के माध्यम से ग्रामीणों से कहा कि भारत बहुत अच्छा देश है। यहां के व्यक्ति विदेशियों का आदर सत्कार भी अच्छी तरीके से करते हैं। ग्रामीण ओमबीर समसपुर ने बताया कि इस दौरान नाने विल्ली ने ग्रामीणों के साथ फोटो भी खिंचवाए। साथ ही चाय पीकर उनकी तारीफ भी की। उसके साथ ही अन्य देशों के भी कई लोग क्षेत्र के अन्य कई गांव में रविवार को घूमते हुए देखे गए। सभी गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों के रहन-सहन और भारतीय संस्कृति के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल कर उनकी प्रशंसा भी कर रहे हैं। साथ ही क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा उनका आदर सत्कार भी अच्छे तरीके से किया जा रहा है। आज रेस का फाइनल मुकाबला है। जिसके चलते आज बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट के ट्रैक पर लाखों की संख्या में देश और विदेश से लोग पहुंचेंगे। जिसको लेकर प्रशासन सुबह से ही सर्किट के पास व्यवस्था बनाने में जुटा हुआ है। जिसको लेकर यमुना एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड के रूट को भी बदल दिया गया है। सर्किट के पास एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड के दोनों साइड को बंद कर दिया गया है। यहां से वाहनों को दनकौर कस्बे से होते हुए ग्रेटर नोएडा, रबूपुरा और जेवर को भेजा जा रहा है। जिसकी वजह से दनकौर कस्बे के अंदर भी सुबह से ही लंबा जाम लगा हुआ है।

# यूपीआईटीएस 2023 : अभूतपूर्व व्यवसाय का लक्ष्य हासिल किया





**संवाददाता**

**गौतमबुद्धनगर।** यूपीआईटीएस ने यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) 2023 के तीसरे दिन 500 से अधिक विदेशी पंजीकरण करके एक शानदार सफलता हासिल की है जो एक बेंचमार्क साबित हुई है। इस ट्रेड शो ने पहले ही प्रयास में खरीदारों का विश्वास जीत लिया है। एशिया, यूरोप, उत्तरी अमेरिका, दक्षिण अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका के खरीदारों सहित विभिन्न देशों से बड़ी संख्या में लोग भारी खरीदारी के लिए आयोजन स्थल पर पहुंच रहे हैं।मिस्त्र से आए खरीदार मुस्तफा ने कहा कि वह हस्तशिल्प और हथकरघा उत्पाद खरीदने आए हैं और उन्हें यहां विभिन्न प्रकार के उत्पाद मिले हैं, उन्होंने यूपीआईटीएस की भी सराहना करते हुए कहा कि इतनी बड़ी जगह और इतने बड़े स्तर पर इसे बहुत अच्छी तरह से व्यवस्थित करके दिखाया गया है अगले वर्ष भी मेले में जाने में उनकी रुचि है। उन्होंने भारत सरकार को धन्यवाद दिया। और आयोजकों को भव्य कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कहा गया है।रूस के एक अन्य खरीदार ने कहा कि यह प्रदर्शनी काफी दिलचस्प है और आमतौर पर ऐसी फैंसी प्रदर्शनियां रूस में नहीं होती हैं। इस स्थान पर लगभग वह सब कुछ है जिसका व्यापार किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, इस मेले ने कुछ बहुत छोटे स्टार्ट-अप्स देखने को मिले है। उन्होंने एक महिला प्रदर्शक के बारे में बताते हुए कहा कि वह इस्तेमाल किए गए टायरों से बगीचे डिजाइन करती है और यह काफी अद्भुत और अनोखा है। यह मेला असाधारण और बहुत दिलचस्प है। व्यापारियों, खरीदारों, आगंतुकों, प्रमोटरों और प्रदर्शकों के एक उल्लेखनीय समूह के अलावा शैक्षिक संस्थान और विश्वविद्यालय भी हैं, जो इस मेले में भाग ले रहे हैं। अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी उद्योगों के साथ समन्वय में शिक्षा के विभिन्न और नवीन पहलुओं पर ज्ञान प्रदान करने के लिए 'बिल्डिंग इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरियल इकोसिस्टम इन उत्तर प्रदेश' पर एक ज्ञान सत्र आयोजित किया गया, जो मुख्य रूप से यूपी को इनोवेशन हब बनाने, यूपी स्टार्टअप नीति और स्टार्ट-अप के लिए इनोवेटर्स को फंडिंग के स्रोत के बारे में जानकारी देने के लिए था। श्री महीप सिंह, हेड इनोवेशन हब यूपी, श्री रितेश सक्सेना मैनेजर इनोवेशन हब यूपी, और श्री रितेश सक्सेना मैनेजर इनोवेशन हब यूपी, और श्रीमती वंदना शर्मा मैनेजर इनोवेशन हब यूपी ने इनक्यूबेटर्स और स्टार्टअप्स को सपोर्ट करने, इनोवेशन इकोसिस्टम विकसित करने, इनक्यूबेटर्स स्टार्टअप्स के लिए अनुदान और कैपिटल फंडिंग पर व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने के बारे में जानकारियां साझा कीं। श्री महीप सिंह हेड इनोवेशन हब यूपी ने कहा कि यूपी को 1 ट्रिलियन डॉलर बनाने में योगदान देने के लिए हमें एक अच्छा इकोसिस्टम बनाना होगा। स्टार्ट-अप के लिए हमें सूचना केंद्र बनाने की जरूरत है। कम से कम प्रत्येक संस्थान में एक सूचना केंद्र होना चाहिए।उपरोक्त सत्र के बाद ग्रेटर नोएडा और नोएडा के आसपास के प्रमुख विश्वविद्यालयों द्वारा अकादमिक - उद्योग साझेदारी पर एक और विचार-मंथन सत्र आयोजित किया गया, जिसमें शारदा विश्वविद्यालय, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, शिव नादर विश्वविद्यालय और एमिटी विश्वविद्यालय शामिल थे। सत्र में शारदा विश्वविद्यालय के डॉ. अमित सहगल कुमार खन्ना और डॉ. मधुकर देशमुख, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय से एसोसिएट प्रोफेसर, डीन (प्रभारी), श्रीमती इंदु उप्रेती, डब्ल्यू. सेल्वामूर्ति महानिदेशक, एमिटी विश्वविद्यालय से विज्ञान और नवाचार विभाग के प्रोफेसर राजीव सिंह, शिव नादर विश्वविद्यालय के एसोसिएट डीन, प्रोफेसर डॉ. संजीव बंसल शामिल हुए । डॉ. इंदु उप्रेती ने विभिन्न उद्योगों को गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय अकादमी में आमंत्रित किया और गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय ज्ञान क्लस्टर का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया, जो भविष्य के लिए उनकी योजना है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह शो अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के लिए एक तरह की शुरूआत है जिससे विक्रेताओं और उपभोक्ताओं, दोनों को ही बढ़ावा मिलेगा और ऐसे ज्ञान सत्रों के परिणामस्वरूप अधिक नवीन व्यावसायिक विचार भी सामने आएंगे। आखिरी लेकिन एक अतिमहत्वपूर्ण ज्ञान सत्र मुंबई के डब्बावालों के द्वारा आयोजित किया गया था, जिन्होंने समय और जनशक्ति प्रबंधन के उपमान माने जाते हैं, जिसमें मुंबई डब्बावाला के एमडी ने डॉ. पवन अग्रवाल ने त्रुटिहीन और आकर्षक के प्रबंधन कौशल के बारे में तथ्य प्रदान किए। उन्होंने उत्तर प्रदेश के पहले व्यापार शो को भी अपना समर्थन और शुभकामनाएं भी दीं।दिन के अंत में मथुरा की गीतांजलि शर्मा द्वारा राधा माधव बैले की मनमोहक नृत्य प्रस्तुति में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। साथ ही कबीर कैफ द्वारा सूफी बैंड की संगीतमय प्रस्तुति दी गई। यूपीआईटीएस 2023 का तीसरा दिन अधिकतम व्यापार क्षमता प्राप्त करने के लक्ष्य में महत्वपूर्ण दिन साबित हुआ। यह व्यापार मेला, जो न केवल उत्तर प्रदेश की आर्थिक क्षमता को उजागर करता है बल्कि वैश्विक व्यापार बातचीत और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए एक पुल के रूप में भी काम करता है, राज्य की आर्थिक प्रगति और विकास की यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह सकारात्मक प्रदर्शन राज्य में और अधिक निवेश और व्यापार के अवसरों को आकर्षित करेगा।

# राधास्वामी सत्संग सभा की प्रशासन को चुनौती, पुलिस हटते ही कर दी तारबंदी

**संस्कार उजाला, महेश शर्मा**

**आगरा ।** जिला प्रशासन द्वारा दयालबाग में सरकारी भूमि से कब्जे को बुलडोजर से तुड़वाए जाने के कुछ घंटे बाद ही राधास्वामी सत्संग सभा के सत्संगियों ने प्रशासन को चुनौती देते हुए फिर से वहां तारबंदी कर दी है।

सत्संग सभा ने सार्वजनिक रास्ते पर गेट और दीवार खड़ी कर दी थी। आज सुबह बड़ी संख्या में पुलिस और पीएसी के साथ बुलडोजर इस जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिए पहुंच गया। बुलडोजर चला तो सत्संगियों की भीड़ वहां जमा होने लगी। पुलिस बल की मौजूदगी में बुलडोजर की कार्रवाई नहीं रुकी। बुलडोजर ने सत्संगियों द्वारा लगाए गए गेट और सड़क को उखाड़ दिया। पुलिस की मौजूदगी तक सत्संगियों ने कुछ नहीं किया, लेकिन यहां से जैसे ही अधिकारी हटे तो सत्संग सभा ने फिर से अपना कब्जा जमाना शुरू कर दिया।

पुलिस प्रशासन की कार्रवाई से आक्रोशित सत्संगियों ने सीए के एक छात्र के साथ भी मारपीट कर दी। बताया गया है कि पुलिस प्रशासन ने जिस रास्ते से कब्जा हटाया गया था, उसी से सीए का छात्र ललित गुजर रहा था, इसी वजह से सत्संगी छात्र से चिढ़ गए। पिटाई के बाद यह छात्र मौके से



चला गया। पुलिस को पीड़ित ने कोई तहरीर नहीं दी। उधर जहां प्रशासन ने गेट हटाए थे वहां अब सत्संगियों ने तार बांध दिए हैं। रास्ता रोक दिया है। ग्रामीण व किसी आम आदमी को वहां से गुजरने नहीं दिया जा रहा है। मौके पर कोई पुलिस, प्रशासन या सुरक्षा व्यवस्था संभालने के लिए मौजूद नहीं है। बताया गया कि क्षेत्र के मौजा जगनपुर और खासपुर गांव में गेट तोड़े जाने के बाद राधा स्वामी सत्संग सभा के हजारों लोगों को मौके पर भेजा गया। बता दें कि जिला प्रशासन ने सरकारी भूमि से कब्जे हटाने के लिए सत्संग सभा को सात दिन का समय दिया था। सत्संग सभा की ओर से शुक्रवार को एक रिटायर्ड तहसीलदार और वकील तहसील प्रशासन के समक्ष अपना पक्ष रखने पहुंचे। उन्होंने पंद्रह दिन का समय और मांगा। प्रशासन ने इन्कार कर दिया। सत्संग सभा के नुमाइंदों ने कहा कि जहां रास्तों में गेट लगाए हैं वहां उनके खेत हैं। ब्रिटिश शासन के समय से उन्हें नहर पर कब्जा मिला हुआ है। राधास्वामी सत्संग सभा ने किसी तरह के अवैध कब्जे नहीं किए। दूसरी ओर सदर तहसील प्रशासन ने अवैध कब्जों पर कार्रवाई के लिए संस्तुति भेजी। इसके बाद जिलाधिकारी भानु चंद्र गोस्वामी व पुलिस आयुक्त के अलावा अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक में तत्काल कार्रवाई का निर्णय हुआ। इसके पहले प्रशासन ने 14 सितंबर को राधास्वामी सत्संग सभा को आम रास्ते, नहर, खेल के मैदान, अन्य सरकारी भूमि पर हुए कब्जे हटाने के लिए अल्टीमेटम दिया था और नहीं हटाने पर हर्जा-खर्चा सहित ध्वस्तीकरण का नोटिस दिया गया था।

## ब्रजवासी गौ रक्षक सेना के शहर मीडिया प्रभारी बनें महेश शर्मा

**संस्कार उजाला**



**आगरा।** जन अर्धांगिनी फाउंडेशन द्वारा संचालित ब्रजवासी गौ रक्षक सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत धर्म दास महाराज के निर्देश पर प्रदेश मीडिया प्रभारी अनुज कुमार तोमर ने आगरा शहर के मीडिया प्रभारी पद पर महेश शर्मा को नियुक्त किया है। महेश शर्मा ने बताया कि गौ माताओं की सेवा और रक्षा करने में सदैव सहयोग करुंगा तथा ब्रजवासी गौ रक्षक सेना की टीम के साथ मिलकर गौ तस्करों को पकड़ने और पुलिस प्रशासन की मदद से निगरानी रखूंगा। संत धर्म दास महाराज ने जो प्रण लिया है उस प्रण में आगरा शहर की सभी खबरों को प्रकाशित करूंगा। तथा जिला मीडिया प्रभारी आरती यादव बहिन का सहयोग करुंगा। तथा ब्रजवासी गौ रक्षक सेना की टीम बनाने में मदद करूंगा। ब्रजवासी गौ रक्षक सेना निशुल्क सदस्यता अभियान चला रही है इसमें केवल गौ रक्षको की जरूरत है जो गौ माताओं की सेवा और रक्षा कर सके!

## डीआईजी की गैर मौजूदगी में एसएसपी से मिला पत्रकारों का प्रतिनिधि मंडल



**संस्कार उजाला, आरके शर्मा**

**अलीगढ़।** राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के तत्वदान में जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र राघव के नेतृत्व में डीआईजी पत्रकारों का प्रतिनिधि मण्डल डीआईजी अलीगढ़ परिक्षेत्र अलीगढ़ शलभ माथुर को संबोधित ज्ञापन उनकी गैर मौजूदगी में एस एस पी अलीगढ़ कलानिधि नैथानी से मिला और पत्रकार साथी सत्यवीर सिंह के खिलाफ महिला पुलिस कर्मी द्वारा झूठा मुकदमा जनपद हाथरस गेट में लिखवाने की जांच उच्चाधिकारियों कराकर निर्दोष पत्रकार को न्याय दिलाने हेतु ज्ञापन सौंपा। जिसमें पत्रकारों ने बताया कि थाना प्रभारी हाथरस गेट और एसआई नरेंद्र पाल सिंह द्वारा दो दिन से कॉल कर पत्रकार से अभद्र व्यवहार कर जेल भेजने की धमकियां मिल रही हैं। ज्ञापन में बताया है कि महिला कास्टेबिल द्वारा षड्यंत्र के तहत साजिश करते हुये पत्रकार को झूठे मुकद्दमें फंसाना, जिसमें पुलिस अधिकारियों द्वारा पत्रकार को क्लीन चिट देने पर मनगढ़त कहानी तैयार करते हुये जहरीले पदार्थ का सेवन कर लेने के बाद छत से कूदकर आत्महत्या करने का प्रयास कर पत्रकार को जेल भिजवाने का पुलिस अधिकारियों पर दबाव बनाकर मुकद्दमा दर्ज करा दिया गया है। सत्यवीर सिंह पत्रकार पुत्र स्व. झाजन सिंह निवासी माधव बिहार आगरा रोड़ थाना सासनीगेट विगत 8 वर्ष से समाचार पत्र में कार्य करके समाज सेवा कर रहा है। उनका कहना है कि दिनांक 19/04/2022 को समाचार संकलन के दौरान थाना सादाबाद में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म दो मामले में आरोपियों से सांठ-गांठ करते हुये पीड़िता पर एक महिला कांस्टेबिल शालिनी द्वारा दबाव बनाने का प्रयास कर रही थी उसका वीडियो और ऑडियो वायरल हुआ था। सत्यवीर सिंह द्वारा सोशल मीडिया पर कमेंट करते हुये बलात्कार के मामले में जांच अधिकारी से बात की तो उन्होंने महिला कांस्टेबिल शालिनी शर्मा से फोन के माध्यम से बात करा दी और पत्रकार का नम्बर 9456802106 महिला कांस्टेबिल को दे दिया। उसके बाद शालिनी पत्नी राघवेन्द्र ने पत्रकार पर दबाव बनाने के उद्देश्य से षड़यंत्र के तहत साजिश रचकर झूठे मुकदमें में फंसाते हुये 23/04/2022 को कोतवाली हाथरस में अ.सं. 104/22 आईपीसी की धारा 354 (क), 506 के तहत मनगढ़त मुकद्दमा सत्यवीर सिंह और कार चालक धर्मेन्द्र के खिलाफ पंजीकृत करा दिया। जिसमें पुलिस द्वारा जांच में कार चालक धर्मेन्द्र को दोषी पाये जाने पर जेल भेज दिया। जबकि पत्रकार सत्यवीर ने अपने बचाव में एसपी हाथरस को अपने पास साक्ष्य प्रस्तुत किये तो पुलिस अधिकारियों ने सत्यवीर को निर्दोष साबित करते हुये महिला कांस्टेबिल शालिनी से समझौता करने के लिये कहा तो उसने अपने घर जाकर मनगढ़त कहानी रचकर जहरीले पदार्थ का सेवन आत्महत्या के उद्देश्य से कर पुलिस अधिकारियों पर भी उल्टे-सीधे आरोप लगाते हुये अपने बयान समाचार पत्रों में प्रकाशित करवा दिये हैं। फिर भी जब पुलिस अधिकारियों ने सत्यवीर के खिलाफ कार्यवाही नहीं की तो शालिनी ने छत से कूदकर पुनः आत्महत्या का प्रयास करते हुये पुलिस अधिकारियों को दोषी बताकर पत्रकार को झूठे मुकद्दमें में जेल भेजने का दबाव बना रही है। शालिनी अपनी खाकी वर्दी का दुरूपयोग करते हुये एक निर्दोष पत्रकार को जेल भेजने का पुलिस अधिकारियों पर नाजायज दबाव बनाते हुये पत्रकार का शारीरिक व मानसिक शोषण करने में लगी हुई है। पत्रकारों ने डीआईजी से उक्त प्रकरण में उच्चाधिकारियों से जांच कराकर महिला कांस्टेबिल के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करते हुये एक पत्रकार को न्याय दिलाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में। अनवर खान, मो राशिद, गौरव रावत, पुष्पेंद्र सिंह, अहोरम सिंह राजौरिया, विशाल नारायण शर्मा, रुप किशोर राजपूत, सत्यवीर सिंह, धर्मेंद्र राघव, विनीत गुप्ता, रॉकी आलोक, गुडडू कुमार, राजेंद्र कुमार, फरहत अली, मुशीर अहमद खां, मनोज चौहान, बबलू खान, रवि राज, आदि अन्य पत्रकारों बंधु मौजूद थे।

## गंदगी व बीमारी का घर बने सार्वजनिक शौचालय

**संस्कार उजाला**

**चिलकाना।** नगर के मोहल्ला जाकिर हुसैन में ईदगाह रोड पर बने सार्वजनिक शौचालयो की खस्ताहाली नगर पंचायत की लापरवाही को उजागर कर रही है। शौचालयों में जमा हो रही गंदगी से फैल रही दुर्गंध नगर की सफाई व्यवस्था की पोल खोल रही है। गौरतलब है कि सरकार द्वारा सार्वजनिक शौचालयों पर लाखों करोड़ रुपया खर्च किया गया है। देश एवं प्रदेश सरकार की मंशा है



कि कोई भी व्यक्ति खुले में शौच न करे। गंदगी को फैंलने से रोका जा सके। जिससे बीमारियो के संक्रमण को रोका जा सके। लेकिन नगर पंचायत में ठीक इसके विपरीत देखने को मिल रहा है। मोहल्ला जाकिर हुसैन स्थित सार्वजनिक शौचालय बेहद खराब स्थिति में है। जिनके दरवाजे टूट गए है। टॉयलेट सीट भी टूटकर कचरा बन गयी है। शौचालय बिल्कुल भी प्रयोग करने के लायक नही बचे है। जिस कारण लोग सरकार द्वारा दी गयी सुविधा से वंचित नजर आ रहे है। गंदगी को रोकने के लिये बनाये गए शौचालय ही गंदगी और दुर्गंध फैंलने का कारण बन गए है। इन्ही शौचालयों के सामने दूसरी सड़क पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि का आवास एवं दुकानें भी बनी हुई है। जिसके बाद भी सार्वजनिक शौचालयो का इस तरह दयनीय स्थिति में होना चेयरपर्सन का व्यवस्थाओं पर ध्यान न दिए जाने को दर्शा रहा है।

## खोडसमा में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का हुआ आयोजन, जुटे मरीज





**संस्कार उजाला**

**चौसाना।** चौसाना के खोडसमा आरोग्य मेले का शुभारंभ बीजेपी के ब्लॉक उपाध्यक्ष गुलबीर सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि सरकार के महत्वाकांक्षी योजना का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों मे समुचित रूप से मिले। लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। स्वास्थ्य मेले मे पहुंचें कर्मचारियों को भी नसीहत दी गई। स्वास्थ्य मेले में 50 लोगों का स्वाथ्य परीक्षण किया। जिसमें सात ग्रामीणों के शुगर की जांच भी हुई। जांच के दौरान मरीजों की भारी भीड़ लगी रही। स्वास्थ्य मेले की जानकारी ग्रामीण क्षेत्रों में समुचित रुप से स्वाथ्य परीक्षण करना है। साथ ही करीब 50 लोगो के आयुष्मान कार्ड बनाकर वितरित किये गये।इस दौरान ग्राम प्रधान विनोद कुमार, सीएचओ सुमान रानी, आशा संगीता, प्रीति,बबीता,सुदेश देवी आदि मौजूद रही। जेपी मौर्य, फार्मासिस्ट संजय राय आदि मौजूद रही।

## जनता का सौभाग्य है कि देश व प्रदेश को मिले मोदी योगी जैसे विकास पुरूषः रवि किशन





**संस्कार उजाला**

**सहजनवा, गोरखपुर।** सहजनवा स्थित अटल आवासीय विद्यालय का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी से वर्चुअल लोकार्पण किया । करीब 64.08 करोड़ की लागत से निर्मित विद्यालय में आवासीय सुविधाए भी मौजूद है । वर्चुअल लोकापर्ण के लिए विद्यालय में लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गयी थी । जिसमे भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व जनता मौजूद थे ।

सदर सांसद रवि किशन, विधायक प्रदीप शुक्ल और बीओसीडबल्यू बोर्ड के सदस्य अभय प्रताप नारायण सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । सांसद रविकिशन शुक्ला ने कहा कि हमारा देश महापुरुषों के देश रहा है । हमारे देश व प्रदेश की जनता का सौभाग्य है कि मोदी योगी जैसे विकास पुरूष मिले है । जनता की समस्याओं के समाधान के साथ ही उनका विकास कर रहें है । दोनों महापुरुषों के नेतृत्व देश प्रदेश विकास की बुलंदियों को छू रहा है।इस क्षेत्र के लिए अटल आवासीय विद्यालय सबसे निचले पायदान के बच्चो के लिए वरदान होगा विद्यालय

बीओसीडबल्यू बोर्ड के सदस्य एवं श्रमिक पंजीयन अंशदान व नविनीकारण समिति के अध्यक्ष अभय प्रताप नारायण सिंह ने कहा की मोदी जी योगी जी गरीब मजलूम लोगो के साथ साथ देश व प्रदेश के लिए वरदान हैं, डबल इंजन की सरकार ने मुरझाए चेहरों पर मुस्कान लाने का काम किया है। मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देशन पर प्रदेश में बीओसीडब्लू बोर्ड से लगातार जनहित के कार्य किए जा रहे हैं जिसका असर कमजोर वर्ग में देखने को मिल रहा है, गोरखपुर के सहजनवा में शुरू किया गया अटल आवासीय विद्यालय माननीय मुख्यमंत्री जी की सोच का परिणाम है, इससे शिक्षा के साथ साथ सर्वांगीण विकास के द्वार खुलेंगे। समारोह को संबोधित करते हुए डाक्टर धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि विद्यालय में शिक्षा के अलावा सर्वांगीण विकास होगा । विधायक प्रदीप शुक्ला ने कहा कि गरीब तबके के वह बच्चे जो कही शिक्षा नही प्राप्त कर पाते अब उनका सपना साकार हुआ । अटल आवासीय विद्यालय सहजनवा मे एक हजार बच्चो के रहने और पढ़ने की व्यवस्था है । वर्तमान में कक्षा 6 में 80 बच्चो का नामांकन हुआ है । कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, जिला पंचायत सदस्य संजय शुक्ला, शिवचरण प्रसाद, चेयरमैन संजू सिंह, प्रभाकर दूबे, मंडलायुक्त अनिल ढींगरा, जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश, एसडीएम कुंवर सचिन सिंह, प्रधानाचार्य अजीत कुमार मिश्रा, उप श्रमायुक्त अमित मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे ।

## इटावा में डिवाइडर से टकराया बाइक सवार, मौत

**इटावा।** बहन के घर जा रहे मोटर साइकिल से जा रहे अधेड़ की डिवाइडर से बाइक टकरा जाने से उसकी मौके पर मौत हो गई। अधेड़ एटा से भिंड मध्यप्रदेश जा रहा था। थाना कोतवाली क्षेत्र के टीटी चौकी हनुमान टीला के पास की घटना। बता दें आज शहर कोतवाली क्षेत्र के टीटी चौकी के पास एटा निवासी एक व्यक्ति अपनी बहन के घर मध्य प्रदेश के भिंड जिले में जा रहा था। तभी तेज रफ्तार बाइक अचानक डिवाइडर से टकरा गई। जिससे वह गंभीर हालत में सड़क पर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों ने तुरंत ही कोतवाली पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस



ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टर ने उसे मृत्यु कर दिया। बढ़ापुर जिला एटा का रहने वाला 50 कृष्णवीर अपनी बहन के घर भिंड के लिए निकला हुआ था। वह सुबह एटा जनपद के गांव बड़ापुरा से भिंड के लिए जा रहा था। तभी तेज रफ्तार बाइक अचानक डिवाइडर से टकरा गई। जिससे वह घायल हो गया पुलिस ने जब जिला अस्पताल पहुंचा तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया है। पंचनामा भरने की प्रक्रिया शुरू करके वहीं इसकी सूचना परिवार को दे दी गई है। यह सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और वह मौके पर पहुंच पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौंप दिया है।

## संक्षिप्त डायरी

### सैकड़ों किसानों ने ग्रहण की भा.कि.यू तोमर की सदस्यता

**संस्कार उजाला**

**नागल।** गांव बोहडपुर में किसानो की समस्याओं को लेकर भाकियू तोमर की बैठक आयोजित हुई। जिसमें सैकड़ों किसानों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की है ।बैठक में आगामी 4 अक्टूबर को लखनऊ महापंचायत में पहुंचने की अपील भी की गई । संगठन के युवा जिलाध्यक्ष सौरभ त्यागी ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन तोमर की नीतियों से प्रभावित होकर लगातार किसान, मजदूर यूनियन की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने कहा आज किसानों को अपनी फसलों के दाम समय पर नहीं मिल रहें है। आवश्यकता पड़ी तो सड़कों पर आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेगी। आगामी 4 तारीख को लखनऊ महापंचायत में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है। युवा जिला उपाध्यक्ष रविंद्र सैनी उर्फ काका ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर लखनऊ में महापंचायत होगी जिसमें बकाया गन्ना भुगतान मूल्य, बिजली विभाग द्वारा किसानों का शोषण, चकबंदी विभाग द्वारा किसानों का शोषण, महंगाई, भ्रष्टाचार,एमएसपी, किसानों पर दर्ज मुकदमे आदि समस्याओं को लेकर महापंचायत होगी। इस दौरान वसीम अहमद, जगपाल, अभिषेक राणा,अनीश, आर्यन शर्मा, राघव राणा, निखिल सैनी, रितिक सैनी आदि मौजूद रहे।

### प्रिय सत्य वचन बोलना ही उत्तम सत्य धर्म : सिद्धान्त शास्त्री



**संस्कार उजाला**

**चिलकाना।** नगर में दशलक्षण पर्व का पांचवा दिन उत्तम सत्य धर्म के रूप में मनाया गया। पंडित सिद्धांत शास्त्री जी ने उत्तम सत्य धर्म के विषय में बताया। शनिवार को श्री दिगम्बर जैन मंदिर में शास्त्री जी ने बताया कि अपने मन आत्मा को सरल व शुद्ध बनाते हुए प्रिय सत्य वचन बोलना व अहित, कठोर सत्य वचन न बोलना ही उत्तम सत्य धर्म है। पंडित जी द्वारा विशेष पूजा अर्चना व शांति धारा का पाठ भी कराया गया। विशेष पूजा अर्चना शांति धारा करने में जैन समाज के नगर अध्यक्ष राकेश जैन, तरसेम चन्द जैन, प्रमोद जैन, नितिन जैन, सुनील जैन, सभासद अनुपम जैन, विनय कुमार जैन, सचिन जैन, बोबी जैन, विपुल जैन, अनमोल जैन, रजनी जैन, अलका जैन, रेनू जैन, रेखा जैन, अर्चना जैन, बालेश जैन आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### दो वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**संस्कार उजाला**

**चिलकाना।** थाना पुलिस ने अदालत के आदेश पर दो आरोपी को गिरफ्तार किये है। जिनको न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। आरोपीयो के खिलाफ पूर्व से ही मारपीट किये जाने के सम्बन्ध में मामला दर्ज है। बीरवार को थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार राय ने बताया है कि वारण्टी एवं फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाये गए विशेष अभियान के दौरान पुलिस टीम ने दो आरोपी बिरमपाल पुत्र सांवला व सेवाराम पुत्र सांवला निवासी ग्राम बरथाकायस्थ पठेड़ थाना चिलकाना गिरफ्तार किये गए है। आरोपीयो के खिलाफ पूर्व से ही मारपीट किये जाने के सम्बन्ध में मामला दर्ज है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई सुरेश कुमार, हेड कॉन्स्टेबल राहुल शर्मा, कांस्टेबल टिंकू शर्मा शामिल रहे।

### प्राथमिक विद्यालय में मनाया गया मीना का जन्मदिन




**संस्कार उजाला**

**गंगोह।** प्राथमिक विद्यालय गंगोह नं०-2 में मीना मंच के अन्तर्गत बालिकाओं को सशक्त बनाने वाली 9 वर्षीय काल्पनिक मीना का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। बालिकाओं ने नारी सशक्तिकरण पोस्टर प्रदर्शनी में बढ़ चढ़कर भागीदारी ली।श्री वकील अहमद प्रधानाध्यापक द्वारा प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान क्रमशः अलीशा,जैनुबा और जोया को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन सहायक अध्यापक अभिलाषा शर्मा द्वारा किया गया। मिष्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम का सफल समापन किया गया।

### परिजनों ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म का आरोप लगाया

**संस्कार उजाला**

**गागलहेडी।** थाना क्षेत्र के एक गांव की आठ वर्षीय बच्ची के परिजनों ने बच्ची के साथ बलात्कार करने वाले के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।तहरीर के आधार पर पुलिस जांच पड़ताल कर कार्यवाही में जुट गई है।\ प्राप्त जानकारी के अनुसार देहरादून रोड के एक गांव की आठ वर्षीय बच्ची के परिजनों ने आरोप लगाया है कि उसी के गांव के इन्तेजार ने टॉफी देने के बहाने बच्ची को अंदर बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया है। थाना अध्यक्ष सुनील नागर ने जानकारी देते हुए बताया है कि तहरीर मिल गई है।अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

### मानसिक रोगी महिला की तालाब में डूबने से मौत

**संस्कार उजाला**

**चिलकाना।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत संगमौर निवासी अधेड़ महिला की तालाब में डूबने के कारण मौत हो गयी है। महिला डिप्रेशन रोग से पीडित बताई जा रही है। परिजनों द्वारा कोई कानूनी कार्यवाही नही की गई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम संगमौर निवासी 45 वर्षीय महिला नीलम पत्नी विक्रमपाल काफी समय से मानसिक रोग से पीडित चल रही थी। जो पहले भी अपने घर से कई बार तालाब की ओर जा चुकी थी।आज शनिवार को महिला सुबह के समय से ही घर से लापता हो गयी थी। तभी से परिजनों द्वारा महिला की तलाश की जा रही थी। सायंकाल के समय महिला का शव गांव स्थित तालाब से मिला है। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। परिजनों द्वारा कोई कानूनी कार्यवाही नही की गई है। मौत का कारण महिला को डिप्रेशन होने के कारण तालाब में डूबना बताया जा रहा है।

# हेल्थ प्लस

## नियम से ही भोजन करें

- प्रात: का नाश्ता भारी, दिन का खाना सही और रात को हल्का भोजन करना चाहिए।
- यदि दिन का भोजन रात्रि तक पचा हुआ महसूस न हो तो ऐसे में रात्रि में केवल खिचड़ी या फल और दूध लें।
- भोजन करने से पहले अच्छी तरह हाथ, मुंह धोकर भोजन करें।
- जब भूख जोर से लगी हो, उस समय खाली जल पीना भी नुक्सान पहुंचाता है। ऐसे में यदि खाना उपलब्ध होने में देर लगे तो एक बिस्कुट के साथ एक गिलास पानी पी लें।
- प्रयास करें कि भोजन नियमित समय पर ही खाएं।
- दोपहर के भोजन में दही, मट्ठा और लस्सी लेना उचित है। रात्रि के भोजन में इन चीजों से परहेज करना चाहिए।
- बासी और जला हुआ खाना स्वास्थ्य को लाभ के स्थान पर हानि पहुंचाता है। ताजा भोजन स्वास्थ्य के लिए अति उत्तम माना जाता है।



- भोजन शांत मन से बनाएं, खिलाएं और खाएं। भोजनोपरांत क्रोध करना स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव डालता है।
- अपने पेट को 'डस्टबिन' समझ कर उसमें सब कुछ मत ठूंसें। भूख से कम भोजन खाना चाहिए।
- रात्रि का भोजन कम से कम सोने से 2 घंटे पूर्व करें। दिल के मरीजों को भोजन के बाद टहलना नहीं चाहिए।
- भोजन के बीच में थोड़ा पानी पिएं। भोजनोपरांत पानी मत पिएं। कम से कम एक घंटे बाद पानी का सेवन करें।
- भोजन चबा कर खाना चाहिए। शीघ्र भोजन करना शरीर में अपच पैदा करता है।
- जहां भोजन खा रहे हैं, ध्यान रखें, वह स्थान स्वच्छ होना चाहिए।
- प्रयास करें कि टी.वी. देखते समय भोजन न खाएं क्योंकि भोजन की अधिक मात्रा शरीर में चली जाती है।
- भोजन के तुरंत पश्चात व्यायाम न करें।

## मेथीदाना छोटा मत समझो

- मेथीदाने में आयरन भरपूर मात्रा में होता है। इससे खून की कमी से लड़ा जा सकता है।
- मेथीदाने को पानी में उबाल कर गरारे करें। खराब गला ठीक हो जाएगा।
- दो चम्मच मेथीदाने को एक कप चावल के साथ पकाएं और हल्का नमक मिला कर 15 दिन तक खाएं। इससे शरीर में खून की कमी में सुधार होगा।
- 2 चम्मच मेथीदाने के पाऊडर को रोज दूध के साथ 1 महीने तक खाएं। शूगर की बीमारी के शुरूआती दिनों में आराम मिलेगा।
- लिवर खराब होने पर मेथीदाने को अंकुरित करें और रोज सुबह नाश्ते में खाएं।
- 2 चम्मच मेथीदाने को नारियल पानी या छाछ में कुछ घंटे भिगो कर रखें। इसे पीने से पेचिश में आराम मिलता है।
- अल्सर या छाला होने पर मेथीदाने को पीस कर पेस्ट बनाएं और छालों पर लगाएं।
- स्तनपान कराने वाली माएं आधा चम्मच मेथीदाने के पाऊडर को दलिए में मिला कर खाएं। इससे बच्चे को दूध की मात्रा अधिक मिलेगी।

## अमृतफल है आंवला

**आंवला** खूबसूरती में चार चांद लगाता है। इससे ढीली पड़ती त्वचा में कसाव आता है और झुर्रियां भी नहीं पड़ती।



- कब्ज होने पर 1 चम्मच सूखा आंवला पानी में भिगोएं और सुबह छान कर उसमें शहद मिलाकर पिएं।
- यूरीन की समस्या से ग्रस्त होने पर 2 चम्मच सूखा आंवला और किशमिश पानी में भिगोएं। अगले दिन उसको मसल कर छान लें, फिर उस पानी को पिएं। कुछ दिनों तक इसका सेवन करने से समस्या में आराम मिलता है।
- सिर दर्द या सिर के भारी होने पर ताजे आंवले को पीस कर उसका पेस्ट सिर पर लगाएं। दर्द में आराम मिलेगा।
- मुंह में छाले होने पर आंवले की छाल पीस कर पाऊडर बना लें। उसमें शहद मिलाकर छालों पर लगाएं।
- त्वचा की समस्या होने पर आंवले का पाऊडर साबुन की जगह इस्तेमाल करें।
- याददाश्त कम होने पर 1 छोटा चम्मच सफेद तिल और 1 चम्मच आंवले की जड़ का पाऊडर बराबर मात्रा में मिलाएं। इस मिश्रण को 1 चम्मच शहद के साथ कुछ समय तक खाएं। स्मरण शक्ति में लाभ मिलेगा।

## स्वस्थ रहें

**ब्लड** प्रैशर, डायबिटीज, हृदयरोग, पेट संबंधी रोग आजकल आम होते जा रहे हैं। शायद ही कोई व्यक्ति ऐसा मिलेगा जो किसी न किसी रोग से ग्रस्त न हो।

आजकल का रहन-सहन, उलटा-सीधा खाना, पदार्थों में मिलावट, समय से न खाना आदि अनेक कारणों से भी रोग हो रहे हैं।

रोग होने पर इलाज कराना जरूरी है। इलाज के लिए डाक्टर के पास जाएं। हम अगर कुछ बातों पर ध्यान दें तो काफी हद तक रोग को दूर रख सकते हैं :

- रोज सुबह घूमने जाएं। योग या अन्य व्यायाम नियमित करना हितकर है।
- खाना समय पर ही खाएं। बाजार की तेज मसाले वाली और बासी चीजें खाने से बचें। हर समय मुंह न चलाते रहें।
- पैदल चलने की आदत डालें। कम दूरी के लिए स्कूटर या अन्य वाहन का सहारा लेना सही नहीं है।
- खाने में हरी सब्जियों का प्रयोग ज्यादा करें। चिकनाई व कोलैस्ट्रॉल बढ़ाने वाली चीजें कम खाएं।
- मौसम के अनुसार फलों का सेवन जरूर करें।
- खाने के साथ सलाद लेने की आदत डालें।
- संयम, संतुलित आहार, शारिरिक श्रम से हम काफी हद तक बीमारियों को अपने से दूर रख सकते हैं।
- व्यायाम के साथ-साथ पौष्टिकता से भरपूर भोजन लेने से आपका शरीर स्वस्थ, सुन्दर एवं आकर्षक लगने लगेगा।
- खाने-पीने की आदतों में सुधार लाएं।

## सेहत के लिए वरदान हैं पत्तियां

**प्राचीन** काल से पेड़-पौधे मानव जीवन का महत्वपूर्ण अंग रहे हैं। पेड़ों के फल व फूल जहां मानव का पेट भरने व मानसिक शांति प्रदान करने में सहायक हैं, वहीं पत्तियों की भी हमारे जीवन में विशेष भूमिका है। ये मानव के स्वास्थ के लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं। अधिकांश लोग इस बात से अपरिचित हैं कि पत्तियों का प्रयोग औषधि के रूप में भी किया जाता है।

- नीम की पत्तियों से साबुन व टूथपेस्ट बनाए जाते हैं। इसकी पत्तियों को पानी में उबालकर उस पानी से नहाने से खुजली आदि में आराम मिलता है। नीम की पत्तियों को सुबह चबा कर खाने से खून साफ होता है व कील-मुंहासे नहीं निकलते हैं। झाइयां व दाग-धब्बे दूर करने में नीम की पत्तियों का लेप लाभप्रद है।



- मुंह के छाले होने पर मेहंदी के पत्ते को पानी में उबालकर उस पानी से गरारे करें। इसके पत्तों को पीस कर सिर पर मलने से सिरदर्द व आंखों की जलन में राहत मिलती है।
- पालक के पत्ते पेट को साफ रखने में सहायक हैं। इसके पानी से गरारे करने से गले के दर्द में आराम मिलता है। पालक के पत्तों में मौजूद कैल्शियम दांतों व मसूड़ों को मजबूत बनाता है। इसके नियमित प्रयोग से कब्ज की बीमारी से मुक्ति मिलती है। पालक में विटामिन-ए विशेष मात्रा में होता है। इससे आंखों की ज्योति बढ़ती है।
- पेचिश रोग होने पर अमरूद के पत्तों का रस उबाल कर पिएं।
- दांत के दर्द में अमरूद की पत्तियां चबाने से आराम मिलता है।
- नेत्र-ज्योति में वृद्धि करने हेतु बंदगोभी के पत्तों को सलाद के रूप में नियमित प्रयोग करें।
- मूली के पत्तों का रस पथरी रोग में लाभप्रद है।
- सिरदर्द होने पर हरे धनिये के पत्तों का रस नाक में टपकायें।
- नींबू के रस में मेथी के पत्तों को पीसकर बालों में लगाने से बाल घने, काले व मुलायम हो जाएंगे।
- तुलसी की 2-3 पत्तियों को प्रतिदिन खाली पेट खाने से स्मरण शक्ति में वृद्धि होती है। शहद के साथ तुलसी के पत्ते खाने से खांसी दूर होती है।
- बुखार व बदन दर्द में इसके पत्तों का काढ़ा बना कर पिएं।
- पान के पत्ते पर घी लगाकर जख्म को सेकने से उसमें मवाद आसानी से निकल जाता है।
- आम की पत्तियों में फ्लोराइड होता है अत: इन्हें चबाने से दांत चमकदार व मजबूत रहते हैं।
- करेले के पत्तों का रस पेट के कीड़ों को नष्ट करता है।
- गुर्दे के दर्द में अंगूर के पत्तों का रस थोड़े से पानी में उबालकर काले नमक के साथ पिएं।

## सुबह की सैर

**सुबह** की सैर एक उत्तम व्यायाम है। इससे शरीर की समस्त इंद्रियां चुस्त-दुरूस्त रहती हैं। सैर करने से शरीर की अनावश्यक चर्बी घटती जाती है और बदन सुडौल व स्वस्थ बना रहता है। सैर हमेशा शौचादि क्रिया से निवृत्त होकर करनी चाहिए। जहां तक संभव हो हरियाली वाले क्षेत्र यानी बाग-बगीचे में ही सैर करें। हरी घास पर नंगे पैर चलने से आंखों की ज्योति बढ़ती है। घुटनों में जकड़न या दर्द हो, आर्थराइटिस या गठिया रोग हो तो नियमित रूप से सैर करने से पीड़ित व्यक्ति को फायदा पहुंचता है। जो लोग हृदय रोग के शिकार हैं उनके लिए पैदल चलना सबसे अच्छा व्यायाम है। उन्हें साधारण गति से पैदल चलना चाहिए। इससे हृदय की मांसपेशियों को मजबूती मिलती है और हृदय सुचारू रूप से कार्य करता है। सुबह की सैर से पाचन तंत्र ठीक रहता है। पेट संबंधी रोग व स्वास्थ्य की दुश्मन कब्ज भी दूर होती है। नियमित सैर करने से शरीर की ही नहीं दिमाग की कार्यकुशलता भी बढ़ती है। सैर करते समय तंग कपड़े नहीं पहनने चाहिएं और न ही सैंडिल या तंग जूते। बीमार व्यक्ति को सैर नहीं करनी चाहिए। पैदल चलने से ऊर्जा नष्ट होती है जिससे बीमार व्यक्ति और सैर नहीं करनी चाहिए। पैदल चलने से ऊर्जा नष्ट होती है जिससे बीमार व्यक्ति और अधिक थक जाता है। इससे उसके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है।



# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-3-7-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। मांगलिक कार्योंक्रमों का आयोजन होगा। शुभांक-3-4-6

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-3-6-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-5-8-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-3-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। शुभांक-3-4-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-3-5-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-4-6-9


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शुभांक-6-7-9

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। शुभांक-5-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूंजी निवेश सोच-समझकर करें। शुभांक-3-5-7


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभकार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-2-4-6

## काकुरो पहेली - 2956




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणत:**




### काकुरो - 2955 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

डॉक्टर ने रमन के सिर पर ड्रेसिंग करने के बाद पट्टी बाँध दी और पूछा कि चोट कैसे लगी है?

रमन- छोड़ो डॉक्टर! लंबी कहानी है।

डॉक्टर- फिर भी सुनना चाहता हूँ।

रमन- बात यह है कि पिछले हफ्ते पत्नी मायके गई हुई थी। मैं भी हवा बदलने रविवार को होटल में जा टिका। मेरे बगल के कमरे में एक खूबसूरत औरत थी। रात ग्यारह बजे उसने दरवाजा खटखटाया और माफी माँगते हुए कहा कि उसे ठंड लग रही है अगर मैं कुछ मदद कर सकूँ तो वह आभारी रहेगी। मैंने एक कम्बल दे दिया। थोड़ी देर बाद वह फिर आ गई और वही शिकायत करने लगी। मैंने उसे अपना ओवरकोट दे दिया।

आज जब मैं हथौड़ी से कील ठोंक रहा था तो अचानक मुझे समझ में आया कि उस दिन वह क्या चाह रही थी और बस, मैंने हथौड़ी अपने सिर पर दे मारी।

□ □ □

अफरीदी (शोएब से)- हम सचिन को सेंचुरी नहीं बनाने देंगे।

शोएब- मगर हम उसे रोकेंगे कैसे? वो तो फॉर्म में है।

अफरीदी- हम सौ के अंदर ही ऑल आउट हो जाएँगे।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली - 2956



**बायें से दायें:-**

१. अनिल, रेखा की 'तू मेरा मखना' गीत वाली फिल्म-३
३. 'किसीसे तुम प्यार करो' गीत वाली अक्षय, लारा, प्रियंका की फिल्म-३
५. 'सुबह सुबह जब' गीत वाली फिल्म-२
७. राजकुमार, मीनाकुमारी की 'चलो दिलदार चलो' गीत वाली फिल्म-३
८. मंगेशकर बहनों लता, आशा, उषा की चौथी बहन का नाम क्या हैं?-२
९. अमिताभ, जया की 'आए तुम याद मुझे' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'परदेसी तो हैं परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
१२. देवआनंद, निम्मी की 'ओ रूपनगर के सौदागर' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'मैं ने तुझसे प्यार' गीत वाली विनोद खन्ना, भानुप्रिया की फिल्म-२
१४. राजकपूर, मीनाकुमारी की 'ऐ चाँद जहाँ वो जाए' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली सनी, अमीषा की फिल्म-३
१६. अजय देवगन, मनीषा, करिश्मा की एक फिल्म-४
१८. 'जलता है जिया' गीत वाली सुनील दत्त, रीनाराय, आशा की फिल्म-२
१९. सनी, सलमान, करिश्मा, तब्बू की 'यारा ओ यारा' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'तारे हैं बारती' गीत वाली अनिल, तब्बू, पूजा बत्रा की फिल्म-४
२५. मनीष, मनीषा की 'तू दीवाना पागल मेरा' गीत वाली फिल्म-३,३
२७. 'लड़की है क्या' गीतवाली फिल्म-३
२८. 'मेरे खयालों की' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'सूर्यवंशी' में नायिका कौन थी-२
३०. सनी, जूही की 'जादू तेरी नजर' गीत वाली फिल्म-२
३१. 'जब कोई बात' गीतवाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'रात कली इक ख्वाब में आई' गीत वाली फिल्म-२,२,२
२. फिल्म 'आर या पार' की नायिका-२
३. शाहरूख, माधुरी की 'बड़ी मुश्किल है' गीत वाली फिल्म-३
४. 'तुम भी चलो हम भी चलें' गीत वाली अमिताभ, सायरा की फिल्म-३
६. राजेश खन्ना, राखी की 'छोड़दे जवानी में उदासी' गीत वाली फिल्म-४
११. 'तेरी चाहत में' गीत वाली फिल्म-१,२
१२. नसीरूद्दीनशाह, पूजा की 'आज हमने दिल का हर फैसला' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'बहारों फूल बरसाओ' गीतवाली फिल्म-३
१४. अमिताभ, शशि, शत्रुघ्न, राखी, परवीन, बिंदिया की फिल्म-२
१७. जीतेंद्र, हेमा की 'एक बेचारा प्यार का मारा' गीत वाली फिल्म-३
२०. फिल्म 'शोला और शबनम' नायिका कौन थी?-३
२१. फिल्म 'गुनाह' की नायक कौन था-२
२२. जीतेंद्र, लीना की 'कभी खोले ना तिजोरी का' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'मझे तेरे जैसी लड़की' गीत वाली डिनो और बिपाशा की फिल्म-२
२४. अक्षय, करीना की 'यार बदल ना जाना' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'फूलों सा चेहरा तेरा' गीत वाली फिल्म-३
२६. राजेश, धर्मेन्द्र, वहीदा की 'हमने देखी है' गीत वाली फिल्म-३
२८. 'मैं कुड़ी अनजानी' गीत वाली सनीदेओल, सुष्मिता सेन की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 2955

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | शि | क | | दी | वा | र | | प्रे | म |
| शि | | न्है | | वी | | फू | ल | | न |
| की | | या | रा | ना | | च | | रा | का |
| | शा | | जा | | ट | क | र | | मी |
| जा | न | की | बा | जी | | र | | अं | त |
| गृ | | | बू | | ही | | दा | दा | |
| ति | रं | गा | | को | रा | का | ग | ज | |
| | ग | | आ | ह | | श | | | सं |
| दे | | रा | जा | रा | नी | | रा | जा | जी |
| व | क्त | | द | | ना | रा | ज | | व |

## सूडोकु -2956


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -2955 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

## शब्द पहेली - 2956



**बाएँ से दाएँ**

1.ईश्वर,करतार-3
3.मुस्कुराहट-3
5.ईख-2
6.रजनीगंधा -2,1,2
9.समुद्र तट (अंग्रेजी-2)
11.ताकत,दम-2
12.अमिताभ व किमी काटकर की फिल्म-2
13.वेतन,पगार-3
16.मनोनीत,नामकृत-3
18.बंधक,गिरवी वस्तु-3
20.निशा,रात्री-3
22.वचन,प्रतिज्ञा-3
23.श्रीनगर की झील-2
24.मूल्य,कीमत-2
25.असावधान-3
28.धिक्कार,फटकार-3
30.हवा,पवन-3
31.झाझर,कुंभ-3
33.चिंतन-3
35.संस्कृत में मेरा-2
36.मादा का विलोम-2
38.कुबेर,भूत-2
40.परोपकारी,जितेंद्र की एक फिल्म-5
41.फलों का राजा-2
42.फूल चुननेवाली-3
43.घोड़ों की देखभाल करनेवाला-3

**ऊपर से नीचे**

1.तमिल भाषा में बड़ा भाई-2
2.बेकार-3
3.दीवान,खजांची-3
4.पैगंबर,रसूल-2
5.झूठ,मिथ्या -3
7.तेल में पकाना-3
8.आराम,मदद-3
10.गुलिस्ता-3
14.नरकभोगी-5
15.खुजली-2
17.सखा,दोस्त-2
18.मजा,आनंद-2
19.स्वदेशवासी-5
21.सुई (अंग्रेजी-3)
22.विष्णुप्रिया-3
26.पुनः,वापस-2
27.मर्करी,पारद-2
29.भीगा हुआ-2
30.वक्त,टाईम-3
31.अच्छी बुद्धि-3
32.निम्नता-3
34.मुलायम-3
35.बड़ा,विशाल-3
37.धनवान-3
39.माफी-2
41.उम्मीद-2

### शब्द पहेली -2955 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | | बु | आ | | द | | स | ख्त | | मु |
| र | क्त | | कु | क | र | मु | त्ता | | जा | ला |
| तू | | म | ल | | मि | | धी | र | | य |
| स | क्रि | य | ता | | या | | श | ब | न | म |
| | या | | | | न | | | | या | |
| रा | शी | क | र | ण | | भा | र | ही | न | ता |
| | ल | | | | टी | | | | वे | |
| री | ता | प | न | | ना | | न | ह | ला | ना |
| इं | | स | जा | | मु | | का | म | | का |
| ब | लि | | क | हा | नी | का | र | | छ | वि |
| र्स | | गी | त | | म | | ना | नी | | ल |



## हम आपसी सहमति से अलग हुए...
# शाहरुख के डॉन 3 से बाहर होने पर फरहान ने अब दिया रिएक्शन

शाहरुख खान ने डॉन 3 से खुद को अलग कर लिया था। अब इस पर डायरेक्टर फरहान अख्तर का रिएक्शन सामने आया है। उन्होंने खुलासा किया कि वो और शाहरुख खान आपसी सहमति से अलग हुए हैं। किसी बात पर उनकी आपसी सहमति नहीं हो पाई। इसलिए वो प्रोजेक्ट से बाहर हो गए। बॉलीवुड एक्टर्स अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान के बाद एक्टर रणवीर सिंह हिट फ्रेंचाइजी की तीसरी किश्त में डॉन की भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। डायरेक्टर फरहान अख्तर ने हाल ही में एक स्पेशल अनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया था। डॉन 3 में शाहरुख खान के होने की खबरें थीं, लेकिन वो इस प्रोजेक्ट से बाहर हो गए। अब फरहान ने कहा, हम आपसी सहमति से अलग हुए। फरहान ने आगे कहा, मैं किसी की जगह लेने की स्थिति में नहीं हूं। ये ऐसी चीजें हैं जिन पर हमने सालों से चर्चा की है, मैं कहानी को एक निश्चित दिशा में ले जाना चाहता था, किसी तरह हम आम सहमति नहीं बना सके। हम आपसी सहमति से यह जानते हुए अलग हुए कि ये बेहतरी के लिए ही है। तो यह वहीं है।

**45 साल पहले आई थी पहली डॉन**

पहली डॉन फिल्म साल 1978 में रिलीज हुई थी। इसमें अमिताभ बच्चन, जीनत अमान और प्राण थे। इसके बाद फरहान अख्तर ने फिल्म का रीमेक बनाया, जिसमें शाहरुख खान थे। डॉन 2 में भी शाहरुख थे और फरहान डायरेक्टर। अब इस फ्रेंचाइज की तीसरी मूवी आने वाली है।

# निर्देशक आशुतोष गोवारिकर बनाएंगे आदि शंकराचार्य पर आधारित महाकाव्य फिल्म शंकर




लगान, जोधा अकबर और पानीपत जैसी शानदार फिल्मों के लिए प्रसिद्ध निर्देशक आशुतोष गोवारिकर एक रोमांचक नई सिनेमाई यात्रा पर निकल रहे हैं। मध्य प्रदेश के ओंकारेश्वर में स्मारकीय स्टैच्यू ऑफ वननेस के अनावरण की भव्यता के बीच – प्रसिद्ध भारतीय वैदिक विद्वान, दार्शनिक और शिक्षक, आदि शंकराचार्य को श्रद्धांजलि देने वाली एक विस्मयकारी 108 फुट की प्रतिमा – आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास ने आदि शंकराचार्य के जीवन और ज्ञान को स्क्रीन पर लाने के लिए आशुतोष गोवारिकर के साथ अपने सहयोगात्मक प्रयास की गर्व से घोषणा की। मध्य प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री, शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आदि शंकराचार्य की शिक्षाओं, उनकी बौद्धिक शक्ति और सनातन धर्म के विविध पहलुओं को एकजुट करने के उनके अथक प्रयासों के गहन प्रभाव का पता लगाने का बिल्कुल सही समय है। और मुझे बेहद खुशी है कि हम इसके लिए फिल्म निर्माता आशुतोष गोवारिकर के साथ सहयोग कर रहे हैं। परियोजना के संदर्भ में, आशुतोष गोवारिकर ने अपना उत्साह साझा करते हुए कहा, आदि शंकराचार्य भारतीय इतिहास में एक उल्लेखनीय व्यक्ति थे, और उनकी शिक्षाएं दुनिया भर के लोगों के साथ गूंजती रहती हैं। न्यास और एकात्म धाम के सहयोग से सिनेमाई कैनवास पर उनके जीवन और ज्ञान को उजागर करने का अवसर पाकर मैं बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं। लगान, जोधा अकबर और पानीपत जैसी शानदार फिल्मों के लिए प्रसिद्ध निर्देशक आशुतोष गोवारिकर एक रोमांचक नई सिनेमाई यात्रा पर निकल रहे हैं। शंकर शीर्षक वाली आगामी फिल्म समय के इतिहास के माध्यम से एक मंत्रमुग्ध कर देने वाली यात्रा का वादा करती है, जो दर्शकों को भारत के सबसे गहन दार्शनिक दिग्गजों में से एक के जीवन में एक अनूठी अंतर्दृष्टि प्रदान करती है। सावधानीपूर्वक शोध और ऐतिहासिक सटीकता के प्रति प्रतिबद्धता के माध्यम से, आशुतोष गोवारिकर का लक्ष्य एक सिनेमा प्रस्तुतीकरण बनाना है जो दर्शकों का मनोरंजन, शिक्षा और साथ ही प्रेरित करेगा।



# एल्विश यादव को अभी तक नहीं मिली बिग बॉस ओटीटी 2 की 25 लाख प्राइज मनी

## सुनकर शॉक्ड हुईं शहनाज

यूट्यूबर एल्विश यादव को बिग बॉस से काफी पॉपुलैरिटी मिली है। वह बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 के विनर रहे थे। शो की ट्रॉफी जीतने के साथ ही उन्होंने 25 लाख का चेक मिला था। यूट्यूबर एल्विश यादव को बिग बॉस से काफी पॉपुलैरिटी मिली है। वह बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 के विनर रहे थे। शो की ट्रॉफी जीतने के साथ ही उन्होंने 25 लाख का चेक मिला था। हालांकि, हाल ही में एल्विश ने शहनाज गिल के शो देसी वाइब्स खुलासा किया कि उन्हें सलमान खान के शो वालों ने प्राइज मनी वाले 25 लाख रुपये नहीं दिए हैं। एक्टर की ये बात सुन शहनाज काफी हैरान रह गईं। हाल ही में शहनाज गिल के शो में पहुंचे एल्विश यादव ने बिग बॉस ओटीटी 2 के मेकर्स को लेकर बड़ा दावा किया। उन्होंने खुलासा किया कि अभी तक उन्हें बिग बॉस ओटीटी 2 वालों ने प्राइज मनी के 25 लाख रुपये नहीं दिए हैं। एल्विश ने कहा, पहले मुझे लगता था कि ये नियम होता है कि बिग बॉस वाले वाइल्ड कार्ड एंट्री को विनर नहीं बनाते। जब मैं शो में आ रहा था तो मैंने 100 बार पूछा कि भाई, वोट मिलेंगे तो मैं जीत जाऊंगा न। मुझे डाउट था कि कहीं वोट आए और तो भी मैं न जीत पाया तो..। आगे फिर शहनाज गिल यूट्यूबर की कई मोबाइल फोन रखने पर टांग खिंचाई करती हैं और कहती हैं कि आप इतने सारे फोन रखते हैं तो अब अपना चौथा फोन कब खरीद रहे हैं। इस सवाल पर एल्विश यादव ने मजाक ही मजाक में बताया कि मेकर्स ने उन्हें अभी तक पैसे नहीं दिए हैं। वो कहते हैं– मैं अपना चौथा फोन तब खरीदूंगा जब बिग बॉस ओटीटी 2 की प्राइज मनी वाले 25 लाख रुपये मिल जाएंगे। एल्विश यादव के इस बयान पर शहनाज गिल शॉक्ड रह जाती हैं और कहती हैं कि क्या तुम्हें अभी तक पैसे नहीं मिले। ये तो गलत बात है।



# कंगना ने की खालिस्तान की आलोचना

भारत और कनाडा के बीच बढ़ते राजनयिक तनाव के बीच, बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत ने शुक्रवार को खालिस्तानी आतंकवादी संगठन की आलोचना की और सिख समुदाय से अखंड भारत के समर्थन में आगे आने का आह्वान किया। एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया के स्टोरीज सेक्शन में लिखा, सिख समुदाय को खुद को खालिस्तानियों से अलग कर लेना चाहिए और ज्यादा सिखों को अखंड भारत के समर्थन में आगे आना चाहिए। सिख समुदाय मेरा बहिष्कार करता है और पंजाब में मेरी फिल्मों का हिंसक विरोध करता है क्योंकि मैंने खालिस्तानी आतंकवादियों के खिलाफ बात की थी। मणिकर्णिका की एक्ट्रेस ने आगे कहा, खालिस्तानी आतंकवाद सिख समुदाय को भी बुरा दिखाता है। यह पूरे समुदाय की विश्वसनीयता और उनकी धारणा को बर्बाद कर देगा। पहले भी खालिस्तानियों ने पूरे सिख समुदाय को नुकसान पहुंचाया है। मैं पूरे सिख समुदाय से अनुरोध करती हूं कि वे धर्म के नाम पर खालिस्तानी आतंकवादियों से उत्तेजित या उकसावे में न आएं। जय हिन्द। अपने इंस्टाग्राम स्टेटस में, क्वीन अभिनेत्री ने लिखा, पंजाब का यही हाल है, जब मैंने खालिस्तानियों के खिलाफ बोला तो वे पूरे सिख समुदाय को समझाने में कामयाब रहे कि मैं पूरे समुदाय के खिलाफ हूं, आज भी मेरी फिल्में पंजाब में बैन हैं, उनको एक्साइट करके गुमराह करना सबसे आसान है।



# शादी की अफवाह पर
## साई पल्लवी ने तोड़ी चुप्पी

साउथ एक्ट्रेस साई पल्लवी इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। बीते दिनों साई की एक तस्वीर सामने आई थी, जिसमें वह गले में फूलों की माला पहने नजर आ रही थीं। तस्वीर के सामने आने के बाद से ही सोशल मीडिया पर अफवाह फैल गई की एक्ट्रेस ने साउथ के फिल्म डायरेक्टर से शादी कर ली है। हालांकि, अब साई ने खुद मामले पर चुप्पी तोड़ते हुए शादी की खबरों को खारिज कर दिया है। साई ने बताया कि असल में वह तस्वीर उनकी नई फिल्म के मुहूर्त पूजा की थी। एक्ट्रेस ने कहा कि लोगों ने जानबूझकर गलत खबरें फैलाने के लिए इस फोटो को इस्तेमाल किया है। साई ने ट्विटर पर इन अफवाहों के लेकर करारा जवाब दिया। उन्होंने लिखा– ईमानदारी से कहूं तो मुझे अफवाहों की परवाह नहीं है। लेकिन जब इसमें परिवार वाले दोस्त शामिल होते हैं, तो मुझे बोलना पड़ता है। यह मेरी फिल्म के मुहूर्त पूजा के इवेंट की फोटो है, जिसे जानबूझकर क्रॉप किया गया। गलत इरादों से इसे यहां–वहां फैलाया जा रहा है।

# 10 दिन में 500 करोड़ कमा लेगी डंकी अगर...

सिनेमाई दुनिया के लिए ये कहना गलत नहीं होगा कि साल 2023 शाहरुख खान का रहा है। शाहरुख खान ने साल की शुरुआत फिल्म पठान से की और बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड बनाए। वहीं अब जवान से वो अपने ही बनाए रिकॉर्ड तोड़ते नजर आए। जवान जल्दी ही घरेलू बॉक्स ऑफिस पर सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्म बन सकती है। पठान और जवान के बाद अब सभी की नजरें डंकी पर टिकी हैं और इसकी रिलीज के साथ ही शाहरुख खान कई और रिकॉर्ड्स बना सकते हैं। वहीं डंकी भी 10 दिनों में ही 500 करोड़ रुपये कमा सकती है अगर.... सैकनिल्क एंटरटेनमेंट ने अपने ट्वीट में लिखा, शाहरुख खान पहले इंडियन एक्टर बन गए हैं, जिनकी फिल्मों ने एक साल में 2000 करोड़ का वर्ल्डवाइड कलेक्शन किया है। इसके बाद पठान (1055 करोड़ रुपये से अधिक) और जवान (16 दिनों में 945 करोड़ रुपये से अधिक) का कलेक्शन बताया गया है।

**एक साल में 2700 करोड़ कमाई...**

बता दें कि डंकी के पास 2023 में सिर्फ 10 दिन का ही वक्त होगा। क्योंकि उसके बाद 2024 की शुरुआत हो जाएगी। ऐसे में इसके बाद एक दूसरे ट्वीट में बताया गया है कि शुरुआती 10 दिनों में ही डंकी के 500 करोड़ से अधिक कमाने की उम्मीद है अगर फिल्म को अच्छी माउथ पब्लिसिटी मिलती है तो..., ऐसे में सिर्फ एक साल में शाहरुख खान की वर्ल्डवाइड फिल्मों का कलेक्शन 2700 करोड़ रुपये के करीब हो सकता है।

**राजकुमार हिरानी का निर्देशन**

संजू, 3 इडियट्स, पीके और मुन्ना भाई जैसी सफल फिल्मों का डायरेक्शन कर चुके राजकुमार हिरानी के हाथों में डंकी की कमान है। फिल्म में शाहरुख खान की जोड़ी तापसी पन्नू के साथ बनेगी। अभी तक की जानकारी के मुताबिक फिल्म इस साल क्रिसमस के मौके पर रिलीज होगी। कहा जा रहा था कि फिल्म अगले साल टक सकती है, लेकिन शाहरुख ने जवान की प्रेस कॉन्फ्रेंस में साफ कर दिया था कि फिल्म क्रिसमस पर ही रिलीज होगी। फिल्म में शाहरुख और तापसी के अलावा दीया मिर्जा, बोमन ईरानी, धर्मेंद्र, सतीश शाह और परीक्षित सहानी भी अहम किरदारों में दिखेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म थिएटर्स के बाद जियो सिनेमा ओटीटी पर फिल्म दस्तक देगी।



# ताहिर की वेब सीरीज सुल्तान ऑफ दिल्ली का ट्रेलर जारी

मौनी रॉय और ताहिर राज भसीन की अपकमिंग वेब सीरीज 'सुल्तान ऑफ दिल्ली' का ट्रेलर सामने आ गया है। इसे शुक्रवार (22 सितंबर) को रिलीज कर दिया गया। फैंस इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। ट्रेलर में जहां ताहिर की जबरदस्त एक्टिंग देखने को मिल रही है, वहीं मौनी की अदाएं और उनका ग्लैमरस अवतार भी चर्चाओं में है। सीरीज में 1960 के दशक की दिल्ली को बखूबी दर्शाया गया है। ताहिर का किरदार दिल्ली पर शासन करना चाहता है। उसका दावा है कि वो बंटवारे के बाद सरहद पार से आया है। उसकी लड़ाई एक राजा के परिवार से है। इसमें गैंगस्टर्स का दौर भी देखने को मिलेगा। साथ ही हॉटनेस और बोल्डनेस का भी तड़का लगाया गया है। संवाद और अभिनय के मामले में भी ये काफी बेहतरीन लग रही है। गौरतलब है कि सीरीज के सभी एपिसोड 13 अक्टूबर से स्ट्रीम किए जाएंगे। इसे डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर देखा जा सकता है। सीरीज में अनुप्रिया गोयनका, विनय पाठक, हरलीन सेठी, निशांत दहिया और मेहरीन पीरजादा भी अहम रोल में हैं। इस सीरीज का निर्माण रिलायंस एंटरटेनमेंट द्वारा किया गया है। वेब सीरीज को हिन्दी सिनेमा में कच्चे धागे, वन्स अपॉन ए टाइम इन मुम्बई, डर्टी पिक्चर और टैक्सी नम्बर 9211 देने वाले मिलन लूथरिया ने निर्देशित किया है। ट्रेलर सीरीज को देखने की उत्सुकता जगाने में सफल है।



## 12 साल बाद अपने मूल मंच सोनी टीवी पर लौटा झलक दिखला जा
# अरशद वारसी संभालेंगे जज की कुर्सी!

12 सालों बाद पॉपुलर सेलिब्रिटी डांस रियलिटी शो झलक दिखला जा अपने मूल मंच सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर लौटने के लिए तैयार है। बता दें, 2006 में शुरू हुए इस शो की शुरुआत सोनी टीवी पर हुई थी, लेकिन साल 2012 के बाद वह कलर्स चैनल पर चला गया था। खास बात ये है कि शो के 11वां सीजन के साथ बॉलीवुड एक्टर अरशद वारसी टेलीविजन पर अपनी वापसी कर सकते हैं। शो से जुड़े सूत्र बताते हैं, इस साल मेकर्स शो में काफी बदलाव ला रहे हैं। सिर्फ फॉर्मेट ही नहीं बल्कि जज पैनल में भी काफी बदलाव लाने की प्लानिंग हो रही है। पैनल पर बैठे 3 जज में इंडस्ट्री के जाने माने बॉलीवुड एक्टर, कोरिओग्राफर और फिटनेस आइकन शामिल होंगे। इनमें से अरशद वारसी का नाम लिस्ट में सबसे टॉप पर है। फिलहाल अभिनेता से मेकर्स की बातचीत चल रही है और अगर सब सही रहा तो इस महीने के अंत तक कॉन्ट्रैक्ट साइन कर दिया जाएगा। शुरूआती प्लानिंग के मुताबिक, शो इस साल के अंत तक प्रीमियर होगा। अरशद के टेलीविजन करियर की बात की जाए तो उन्होंने डांस शो रज्जमाताज में बतौर होस्ट शुरुआत की थी। 2003 से 2004 तक टीवी धारावाहिक करिश्मा – द मिरेकल्स ऑफ डेस्टिनी में अभिनेत्री करिश्मा कपूर के साथ अभिनय किया। 2006 में चर्चित रियलिटी शो बिग बॉस 1 को भी होस्ट किया था। 2010 में उन्होंने टीवी शो ईशान सपनों को आवाज दे में एक छोटा सा कैमियो किया था। इसी साल वे रियलिटी शो जरा नचके दिखा में जज की कमान संभालते हुए नजर आए थे। बता दें, झलक दिखला जा के पिछले सीजन में माधुरी दीक्षित, नोरा फतेही और टेरेंस लुईस ने जज की कुर्सी संभाली थी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक राजकुमार शर्मा ने वैकुंठ मीडिया प्राइवेट लिमिटेड सी -285, सेक्टर-11, विजय नगर, गाजियाबाद से छपवाकर कार्यालय 178 राहुल विहार विजय नगर,गाजियाबाद से प्रकाशित किया है। किसी खबर या लेख से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
सभी विवादों का निस्तारण जिला न्यायालय गाजियाबाद में होगा। प्रबंध संपादक-महेश कुमार - 9911733939, कानूनी सलाह- नरेंद्र सिंह रणोत एडवोकेट, सलाहकार कुशल सिंह, RNI No-UPHIN/2013/50466, Editor R.K. Sharma : 09456278011